

रोहतक
रविवार, 21 अप्रैल, 2024
चैत्र मास शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी वर्ष : 28, अंक : 84
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 35.6
न्यून. 21.7

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com







## लोकसभा चुनाव : पीएम का निशाना, कांग्रेस ऐसी बेल जो सहारा देने वाले को ही सुखा रही

*मोदी का कांग्रेस नेता पर हमला नतीजे से पहले ही अपनी हार स्वीकार कर रहे*

# अमेठी के बाद राहुल को वायनाड भी छोड़ना पड़ेगा

### महाराष्ट्र में बोले मोदी, विपक्षी गठबंधन से सतर्क रहें लोग

भाषा ▶▶| नांदेड़/परभणी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी केरल की वायनाड लोकसभा सीट से चुनाव हारने जा रहे हैं और 26 अप्रैल को वहां मतदान के बाद 'गांधी और उनकी टोली' एक दूसरी सुरक्षित सीट की तलाश करेगी। अमेठी के बाद राहुल को वायनाड भी छोड़ना पड़ेगा। महाराष्ट्र के नांदेड़ और परभणी में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के नतीजे आने से पहले ही अपनी हार स्वीकार कर ली है। उन्होंने कांग्रेस को एक ऐसी 'बेल' करार दिया, जिसकी अपनी कोई जड़ या जमीन नहीं है और वह उसे सहारा देने वाले को ही सुखा देती है। उन्होंने लोगों से 'विकसित भारत' व 'विकसित महाराष्ट्र' के लक्ष्यों को साकार करने के लिए विपक्षी गठबंधन से सतर्क रहने को कहा। नांदेड़ और परभणी दोनों राज्य के मराठवाड़ा क्षेत्र में स्थित हैं।



कनार्टक में मोदी बोले, देश-दुनिया के ताकतवर लोग मुझे सत्ता से हटाने के लिए एकजुट हो रहे
■
देश की नारी शक्ति और मातृ शक्ति का आशीर्वाद मेरे साथ

#### शहजादे को दिख रहा संकट

मोदी ने कहा, 'कांग्रेस के शहजादे को वायनाड में संकट दिख रहा है। शहजादे और उनकी टोली 26 अप्रैल को वायनाड में मतदान का इंतजार कर रही है। जैसे ही 26 अप्रैल को वायनाड में मतदान पूरा हो जाएगा वैसे ही ये शहजादे के लिए एक और सुरक्षित सीट की तलाश करेंगे। परभणी में मोदी ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव भारत को विकसित और आत्मनिर्भर देश बनाने के लिए है।

#### कांग्रेस ने देश का विभाजन किया

पीएम ने कांग्रेस पर देश का विभाजन करने का आरोप लगाया और दावा किया कि उसने अनुच्छेद 370 के बहाने कश्मीर में संविधान लागू नहीं होने दिया। महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस और 'फर्जी शिवसेना' (शिवसेना (यूबीटी) के संदर्भ में) याकूब मेमन की कब्र को सजाने में व्यस्त थी। मुंबई में 1993 में हुए सिलसिलेवार बम विस्फोट मामले में दोषी मेमन को 2015 में फांसी दी गई थी।

#### ऐसे किए प्रहार

मोदी ने कहा, 'जब 'इंडी' गठबंधन (विपक्षी समूह) सत्ता में था, तो उन्होंने (लोगों को) यह महसूस नहीं होने दिया कि निजाम शासन समाप्त हो गया है, रजाकार मानसिकता यहां हावी थी। उनकी प्राथमिकता याकूब मेमन की कब्र को सजाने की थी।' यह भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का चुनाव है।

## पीएम भ्रष्टाचार का स्कूल चला रहे, चंदे का धंधा कर रहे: राहुल

### सरकार बनते ही अग्निवीर योजना खत्म करेंगे

**भागलपुर (भाषा)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को 'भाजपा-आरएसएस' और मुट्ठी भर 'अरबपतियों'' पर लोकतंत्र और संविधान के लिए खतरा उत्पन्न करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री भ्रष्टाचार का स्कूल चला रहे है और चंदे का धंधा कर देश को लूट रहे हैं। इसकी जांच करवाई जानी चाहिए। गांधी ने बिहार में अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए अपनी पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र की पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के साथ तुलना करते हुए दावा किया कि ''हमने जितना कर्ज किसानों का माफ किया उससे चार गुना से भी अधिक मोदी सरकार ने उद्योगपतियों का माफ कर दिया।'



#### अंबानी-अडाणी जैसे फले-फूले

राहुल ने कहा, 'देश के 22 उद्योगपतियों के पास 70 करोड़ की आबादी के समान संपत्ति है। देश में 70 करोड़ लोग ऐसे हैं जो प्रतिदिन 100 रुपये से कम पर गुजारा कर रहे हैं।' 'पिछले 10 वर्षों में, अंबानी और अडाणी जैसे लोग फले-फूले हैं।

#### 150 से नीचे सिमटेगा एनडीए

भाजपा के लोग बात करते हैं, इतनी सीटें आएंगी, उतनी सीटें आएंगी, लेकिन मैं कहता हूं-एनडीए को 150 से ज्यादा सीट नहीं आएगी। हमारी सरकार बनते ही अग्निवीर योजना को उठाकर फेंक देंगे। देश को 2 तरह के शहीद नहीं चाहिए। राहुल का जोर रोजगार पर था। उन्होंने बताया कि इंडी गठबंधन की सरकार बनी तो किस तरह की योजना लाएंगे। जो पैसा मोदी सरकार ने अमीरों में बांटा वो हमारी सरकार बनी तो गरीबों को देंगे।



### करनाल में सीएम नायब सैनी का ऐलान

## फसल नुकसान की भरपाई को खोला जाएगा मुआवजा पोर्टल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल में शुक्रवार को हुई बारिश व ओलावृष्टि से गेहूं की फसल को काफी नुकसान पहुंचा, जिसके बाद शनिवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करनाल के इंद्री एरिया में ओलावृष्टि से खराब हुई किसानों की फसल का जायजा लेने पहुंचे। यहां किसानों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी समस्याएं रखी। इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार किसानों के साथ खड़ी है। किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। किसानों की खराब फसल के लिए सरकार की ओर से विशेष गिरदावरी करवाई जाएगी और किसानों को उचित मुआवजा दिया जाएगा। फसलों का जायजा लेने के बाद उन्होंने ओलावृष्टि से हुए किसानों के नुकसान की भरपाई को लेकर क्षतिपूर्ति पोर्टल खोले जाने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही संबंधित तहसील अधिकारियों व पटवारियों को भी फसलों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसानों के नुकसान की भरपाई की जा सके।

खेतों में जाकर ओलावृष्टी से खराब फसलों का लिया जायजा
■
किसानों से बात की, अधिकारियों को निर्देश दिए,जल्द होगी खराब फसलों की स्पेशल गिरदावरी
■
सरकार किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी, सैनी बोले, करनाल में दो कमल खिलेंगे

#### दिक्कत नहीं आने देंगे

दमनहेडी गांव में मुख्यमंत्री ने खेतों पर जाकर ओलावृष्टि और बारिश से हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने कहा अधिकारियों को दिशा निर्देश दे दिए गए हैं। गांव में ड्यूटी लगा दी है। ओलावृष्टि थोड़े से क्षेत्र में ही है, इसलिए पटवारी को गांव में भेज कर गिरदावरी कराई जा रही है। किसान भी अपने नुकसान को क्षतिपूर्ति पोर्टल पर पंजीकृत करें दो-तीन दिनों के अंदर गिरदावरी पूरी होने के बाद मुआवजा मिलना शुरू हो जाएगा। किसी भी किसान को किसी भी तरीके की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी, जिसका भी नुकसान हुआ है उसे हर किसान को मुआवजा मिलेगा और मंडियों में दाना दाना गेहूं खरीदा जाएगा।

### खबर संक्षेप

#### रियासी में आतंकवादियों के ठिकाने का भंडाफोड़

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में आतंकवादियों के ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि खोजबीन और घेराबंदी अभियान के दौरान अरनास उपमंडल के दलास बरनेली क्षेत्र में आतंकवादियों के इस ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया। आतंकी ठिकाने के बारे में विश्वसनीय जानकारी मिलने के बाद यह खोजबीन अभियान शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि आतंकी ठिकाने से दो डेटोनेटर, एके असॉल्ट राइफल के 12 कारतूस, एक बैटरी और कुछ तार बरामद किए गए हैं। भाषा

## दिल्ली-दादरी मार्ग पर खड़े ट्रक से भिड़ी कार, तीन दोस्तों की मौत

**चरखी दादरी (हरिभूमि न्यूज)।** दादरी-दिल्ली रोड पर खड़े ट्रैक में टक्कर लगने से कार सवार तीन दोस्तों की मौत हो गई। ये तीनों शुक्रवार देर रात शादी समारोह से वापस लौट रहे थे। मरने वाले तीनों युवक इमलोटा गांव के रहने वाले थे। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम दादरी सामान्य अस्पताल करवाया और परिजनों को सौंप दिए। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि गांव इमलोटा निवासी प्रदीप, साहिल, दीपक और खेमचंद झज्जर के गांव छुछकवास में शादी समारोह में गए थे। जब वे वापस लौट रहे थे, तभी गांव से कुछ दूरी पर ही रोड पर तूड़े से भरे खड़े ट्रक से उनकी का टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और चारों उसमें फंस गए।



#### कार में चार लोग सवार थे शादी समारोह से लौट रहे थे

हादसे में घायल साहिल, दीपक व खेमचंद ने मौके पर ही दम तोड़ दिया तथा प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रदीप को जिला सामान्य अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से उसको रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया। मृतकों में दीपक शादीशुदा था और दो बच्चे हैं। साहिल और दीपक अविवाहित थे। ये चारों दोस्त घरों में रंग पेंट का काम करते थे।

## मुरादाबाद से भाजपा के प्रत्याशी कुंवर का निधन

**नई दिल्ली(भाषा)।** यूपी के मुरादाबाद लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कुंवर सर्वेश सिंह का शनिवार को निधन हो गया। इस सीट पर पहले फेज में शुक्रवार को मतदान हुआ था। वोट देने के बाद कुंवर की तबीयत बिगड़ गई थी। उन्हें दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया था। सर्वेश सिंह के निधन की वजह हार्ट अटैक बताई जा रही है। वे लंबे समय से बीमार भी चल रहे थे। मुरादाबाद में 62.05% वोटिंग हुई थी। साल 2019 में यहां 65.94% वोटिंग हुई थी। इस हिसाब से इस बार 3.89% कम पोलिंग हुई।



## गुजरात में कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन फॉर्म रद

**सूरत(भाषा)।** गुजरात के सूरत में कांग्रेस कैंडिडेट नीलेश कुंभाणी का नामांकन फॉर्म रद कर दिया है। फॉर्म में गवाहों के दस्तखत में गड़बड़ी थी। इस मामले में भाजपा के पूर्व डिप्टी मेयर दिनेश जोधानी ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी। जिला कलेक्टर ने कुंभाणी को ऑफिस बुलाया व नामांकन रद करने की मौखिक जानकारी दी। कुंभाणी ने कलेक्टर से एक दिन का समय मांगा है। वे अब तत्काल सुनवाई के लिए हाईकोर्ट जाने की तैयारी में हैं।



## गुरुग्राम: श्मशान घाट की दीवार गिरी, बच्ची समेत 4 की मौत

**गुरुग्राम(हरिभूमि न्यूज)।** गुरुग्राम में शनिवार शाम को मदनपुरी स्थित श्मशान घाट की 18 फीट ऊंची दीवार अचानक भरभरा कर गिर गई। इससे वहां मौजूद 6 व्यक्ति, जिनमें दो बच्चे बताए जा रहे हैं, मलबे में दब गए। हादसे में बच्ची समेत 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि दो की हालत गंभीर बनी हुई है। प्रशासन की टीम व अधिकारी मौके पर पहुंच कर मलबा हटाने में जुटे हैं।

#### सीसीटीवी फुटेज सामने आया

घटना का सीसीटीवी भी सामने आया है, जिसमें कुछ लोग दीवार के साथ गली में कुर्सियों पर बैठे हैं, अचानक दीवार गिरती है और वे नीचे दब जाते हैं। दीवार को गिरता देख वे कुर्सियों से उठ कर भागने का प्रयास करते हैं, लेकिन बच नहीं पाते। मलबे में दबे लोगों को एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां पप्पू, कृष्ण, मनोज और मासूम बच्ची खुशबू की मौत हो गई है।

## कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के खिलाफ केस

**बेंगलुरु(एजेंसी)।** कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के खिलाफ चुनाव के प्रचार के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोप में पुलिस ने केस दर्ज किया गया है।



### कुश्ती | एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में प्रदेश की बेटियों का दमदार प्रदर्शन

*विनेश ने 50, अंशु ने 57 और रितिका ने 76 किग्रा में जीत दर्ज की*

# विनेश, अंशु मलिक और रितिका ने हासिल किया पेरिस ओलंपिक कोटा

**बिश्केक (किर्गिस्तान) भाषा।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन करने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत वापसी करते हुए भारत की स्टार पहलवान विनेश फोगाट ने शनिवार को यहां एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में दमदार प्रदर्शन के बूते महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग में पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल कर लिया। अंशु मलिक (57 किग्रा) और अंडर-23 विश्व चैम्पियन रितिका (76 किग्रा) ने भी मजबूत प्रदर्शन से फाइनल में पहुंचकर पेरिस ओलंपिक के लिए अपना टिकट पक्का कर लिया।

53 किलो वर्ग में अंतिम पंघाल पहले ही जीत चुकी ओलंपिक कोटा



#### भारत के पास अब चार कोटे

भारत ने पेरिस ओलंपिक के लिए 4 कोटे हासिल किए हैं। सबसे पहले अंतिम पंघाल ने पिछले साल विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतकर 53 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल किया था। अब यह यह देखना होगा कि डब्ल्यूएफआई कोटा विजेताओं को प्रतिनिधित्व करने देता है या राष्ट्रीय कुश्ती टीम चुनने के लिए अंतिम चयन ट्रायल आयोजित करता है। तोक्यो ओलंपिक में भारत ने 7 पहलवानों की मजबूत टीम उतारी थी, जिसमें चार महिलाएं सीमा बिस्ला (50 किग्रा), विनेश (53 किग्रा), अंशु (57 किग्रा) और सोनम मलिक (62 किग्रा) शामिल थीं।

#### विनेश लगातार तीसरी बार खेलेंगी ओलंपिक

29 साल की विनेश का यह लगातार तीसरा ओलंपिक कोटा है। उन्होंने इससे पहले रियो ओलंपिक(2016) और तोक्यो ओलंपिक (2020) में भी हिस्सा लिया था। विनेश ने मजबूत प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वियों को मात दी।

#### अभी तक पुरुषों को नहीं मिला कोटा

अभी तक किसी भी पुरुष पहलवान ने पेरिस कोटा हासिल नहीं किया है। पेरिस ओलंपिक का आखिरी विश्व क्वालीफायर तुर्की में नौ मई से खेला जाएगा।





तथ्य

प्रदेश में लोकसभा की 10 और राज्यसभा की 5 सीटें हैं लेकिन इसके बावजूद महिलाओं की भागीदारी दशकों से न के बराबर रही है। भाजपा ने इस बार अंबाला से बंतो कटारिया को मैदान में उतारा हैं।

# प्रदेश की दस सीटों पर 58 साल में केवल छह महिलाएं ही संसद पहुंचीं

## चंद्रावती प्रदेश की पहली महिला सांसद थीं। कैलाशो सैनी, सुधा यादव, कुमारी सैलजा, श्रुति चौधरी व सुनीता दुग्गल सांसद सदस्य बनीं।

मनोज भल्ला ▶▶ रोहतक


कुमारी सैलजा


चंद्रावती


सुधा यादव


श्रुति चौधरी


कैलाशो सैनी


सुनीता दुग्गल

लिंगानुपात की तरह महिला प्रतिनिधित्व के मामले में भी हरियाणा अन्य राज्यों की तुलना में बहुत पिछड़ा हुआ है। चौंकाने वाली बात है कि पिछले 58 सालों में हरियाणा से अब तक केवल 6 महिलाएं ही संसद पहुंची हैं। पिछली लोकसभा में देश की जिन 78 महिलाओं को संसद जाने का मौका मिला था उनमें से हरियाणा की इकलौती सांसद सुनीता दुग्गल का नाम भी चर्चा में था लेकिन मौजूदा लोकसभा चुनाव में उनकी टिकट काट दी गई है।

17 वीं लोकसभा में जिन 78 महिलाओं को संसद जाने का मौका मिला उनमें उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल सबसे आगे थे जबकि हमेशा की तरह हरियाणा महिला प्रतिनिधित्व के मामले में सबसे पीछे था। हरियाणा में लोकसभा की 10 और राज्यसभा की 5 सीटें हैं लेकिन इसके बावजूद महिलाओं की भागीदारी दशकों से ना के बराबर रही है। हरियाणा में अंबाला, कुरूक्षेत्र, भिवानी और सिरसा ऐसे लोकसभा क्षेत्र रहे हैं जहां से महिलाओं ने संसद तक पहुंचकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। 58 साल में जिन 6 महिलाओं को संसद में जाने का गौरव प्राप्त हुआ है जिनमें चन्द्रावती, कुमारी सैलजा, कैलाशो सैनी, श्रुति चौधरी, सुधा यादव और सुनीता दुग्गल का नाम शामिल है।

**पहली महिला सांसद ने हराया था चौधरी बंसीलाल को** : हरियाणा में चंद्रावती भिवानी लोकसभा सीट से चौधरी बंसीलाल को हराकर पहली महिला सांसद बनी थी। उस समय बंसीलाल इंदिरा गांधी के मंत्रिमंडल में रक्षा मंत्री थे। चंद्रावती प्रदेश में 6 बार विधायक और एक बार सांसद रही हैं। वह पहली ऐसी महिला रही हैं जो 1964 से 66 तक पंजाब सरकार और 1972 से 74 तक हरियाणा सरकार में मंत्री भी रह चुकी हैं। हरियाणा में महिला प्रतिनिधित्व को मजबूती प्रदान करने वाली चंद्रावती पांडिचेरी की उपराज्यपाल भी रह चुकी हैं।

**चार बार सांसद रह चुकी हैं सैलजा** : कांग्रेस की वरिष्ठ नेता कुमारी शैलजा पहली ऐसी महिला सांसद हैं जो चार बार संसद में हरियाणा का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। वे चार बार लोकसभा सांसद और एक बार राज्यसभा सांसद चुनी गई थीं। 1991 और 1996 में वे सिरसा और 2004 से 2009 में अंबाला लोकसभा सीट से सांसद चुनी गई थीं। कुमारी शैलजा 2014 से 2019 तक राज्यसभा की सांसद भी रह चुकी है। हरियाणा में आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली कुमारी शैलजा तीन बार केंद्र सरकार में मंत्री भी रह चुकी हैं।

**श्रुति चौधरी और सुनीता दुग्गल भी रही चर्चा में** : चौधरी बंसीलाल की पोती श्रुति चौधरी ने 2009 में भिवानी सीट से मैदान में उतरकर संसद तक पहुंचने का रास्ता बनाया था। भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट पर परिसीमन के बाद 2009 में पहला चुनाव हुआ था, जिसमें केवल कांग्रेस से श्रुति चौधरी ही एक मात्र महिला प्रत्याशी थी। उन्होंने जीत का रिकार्ड बनाया था। सुनीता दुग्गल ने 2019 में सिरसा से सांसद बनकर चौटाला परिवार के गढ़ में सेंध लगाई और भाजपा की झोली में जीत डाली थी।

**कैलाशो सैनी और सुधा यादव ने दिखाया दमखम** : 1998 से 2004 तक इनेलो की टिकट पर सांसद बनी कैलाशो सैनी ने कुरुक्षेत्र में पुरुष प्रधान समाज में खलबली बचा दी थी। इसी तरह सुधा यादव ने गुरुग्राम से उस समय के दिग्गज नेता राव इंद्रजीत को हराकर संसद तक पहुंचाने का गौरव प्राप्त किया था।

सियासी हलचल

## एक कमल का फूल दिल्ली और दूसरा चंडीगढ़ जाएगा



**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि लोकसभा व विधानसभा उप चुनाव में करनाल से दो कमल के फूल खिलेंगे, जिनमें से एक फूल मनोहर लाल दिल्ली लेकर जाएंगे और एक कमल का फूल चंडीगढ जाएगा। मुख्यमंत्री शनिवार को ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का जाजया लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर पूरा विश्वास करती है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले 10 वर्षो से जिस तरह निरंतर देश और प्रदेश का विकास हो रहा है वह जारी रहेगा। भाजपा सरकार में विकास की गति नहीं रुकेगी।

## एमएसपी को लेकर भाजपा सिर्फ राजनीति कर रही : सैलजा

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी एवं कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य सैलजा ने कहा कि केंद्र में बनी भारतीय जनता पार्टी की सरकारें कांग्रेस के मुकाबले एक बार भी फसलों के एमएसपी में बढ़ोतरी नहीं कर सकी। किसानों की सुध न वाजपेयी सरकार ने ली और न ही 10 साल से सत्ता पर काबिज मोदी सरकार ने। डॉ मनमोहन सिंह की अगुवाई वाली सरकार ने हर साल फसलों का एमएसपी बढ़ाकर किसान हितैषी होने का सबूत पेश किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ राजनीति कर रही है।

आदमपुर में बिश्नाई परिवार ने बनाई प्रचार से दूरी

# आदमपुर में भड़के रणजीत सिंह, बोले- शिकायत करेंगे

### रणजीत बोले, कार्यकता एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करें

### कमल के फूल पर जो वोट नहीं मांगेगा, हाईकमान को बताएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी आदमपुर

हिसार लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी एवं प्रदेश के बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने कहा कि कमल के फूल पर जो वोट नहीं मांगेगा उसकी शिकायत हाईकमान को की जाएगी। भाजपा प्रत्याशी रणजीत सिंह शनिवार को आदमपुर हलके में जनसंपर्क करने पहुंचे थे। इस दौरान आदमपुर से भाजपा विधायक भव्य बिश्नोई ने उनके कार्यक्रमों से दूरी बनाए रखी। बता दें कि हिसार लोकसभा सीट से कुलदीप बिश्नोई ने टिकट के लिए दावेदारी जताई थी, लेकिन भाजपा ने रणजीत सिंह को पार्टी प्रत्याशी घोषित कर दिया। उसी दिन कुलदीप बिश्नोई नाराज चल रहे हैं।

आदमपुर की गोपीराम धर्मशाला में भाजपा प्रत्याशी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राजनीति का खेल खतरनाक है एवं सोच समझकर, पढ़कर आगे की ध्यान में रखकर राजनीति करनी चाहिए ताकि आगे बढ़ सके। उन्होंने कहा कि पार्टी के हित में सभी नेता व कार्यकर्ता एकजुट होकर प्रधानमंत्री के हाथ मजबूत करने के लिए कार्य करना चाहिए।


**मंडी आदमपुर।** कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी रणजीत सिंह।

### कांग्रेस के नेता मैदान छोड़कर भाग रहे

रणजीत सिंह ने कहा कि हरियाणा में ही नहीं पूरे प्रदेश में कांग्रेस की हालत खस्ता है तथा राहुल गांधी तक अपनी अमेठी सीट छोड़कर भाग रहे हैं एवं चुनाव लड़ने से डर रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस का कोई भविष्य नहीं है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में हिसार सहित सभी 10 सीट भाजपा जीतेगी एवं केंद्र में तीसरी बार नरेंद्र मोदी पीएम बनेंगे। इस मौके पर पार्टी नेता रणधीर धीरू, जिला पार्षद वीरसिंह, मुनीश ऐलावादी, चंद्रपाल भादू, सूरजभान महला, शशिकांत, कुलदीप डेलू, पवन खारिया, सतीश मित्तल, हंसराज चावला, संजय बांगड़वा, कपिल सरपंच आदमपुर, अजय बेनीवाल, सरपंच सीमा गोदारा, नवीन बेनीवाल, जयप्रकाश, बसंत कुमार व अन्य मौजूद रहे।

## खरीद न होने से किसानों को नुकसान



**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि मंडियों में अव्यवस्था के कारण एकबार फिर किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। क्योंकि बार-बार मांग के बावजूद सरकार ने मंडियों में सुचारू खरीद की और न ही बारिश से फसल को बचाने के लिए तिरपाल व बारदारने की व्यवस्था की। किसान कई-कई दिनों से अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं और सरकार पोर्टल का झुंझुना बजा रही है। मंडियों में नियमित खरीद व उठान की कोई व्यवस्था नहीं हुई। उठान नहीं होने के चलते किसानों को भुगतान भी नहीं हो रहा है। 72 घंटे के भीतर भुगतान का दावा करने वाली सरकार की हकीकत एकबार फिर उजागर हो गई है।मंडी में काम करने वाले कारोबारियों ने बताया कि गेहूं उठान का टेंडर सिस्टम लगभग फेल हो चुका है। जिन ट्रांसपोर्टर्स को टेंडर दिया गया है, उनके पास पर्याप्त मात्रा में वाहन ही नहीं है। इसलिए आढ़तियों को फसल उठवाने के लिए मजबूरी में टांसपोर्टर्स को नजराना यानी रिश्वत देनी पड़ रही है। किसान और आढ़ती ही नहीं, सरकार ने मजदूरी की दरों में भारी कटौती करके, मजदूरों पर भी बड़ी मार मारी है।

## प्रचार सामग्री पर आयोग की पैनी नजर

**चंडीगढ़।** करनाल उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 व करनाल विधानसभा उप चुनाव के दौरान प्रचार सामग्री का प्रकाशन करने के लिए पोस्टर या पंफलेट पर प्रकाशक, प्रकाशन करवाने वाले का नाम तथा प्रतियों की संख्या छपी होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन विभाग, हरियाणा निर्वाचन आयोग सहित जिला प्रशासन की ओर से चुनाव खर्च के विवरण पर पूरी निगरानी रखी जाएगी। इसलिए प्रिंटिंग प्रेस संचालक एनेक्सचर फॉर्म वन और बी भरकर यह स्पष्ट करेंगे कि प्रचार की सामग्री किस प्रैस से छपवाई गई और इस सामग्री को छपवाने वाला कौन है। साथ ही कितनी प्रतियां छापी गई है, यह ब्यौरा भी प्रेस संचालकों को देना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव प्रचार की सामग्री को प्रकाशित करने से पहले प्रेस संचालक इस बात की जांच कर लें कि प्रचार सामग्री की भाषा ठीक हो।

# आर-पार की जंग, त्रिकोणीय मुकाबले की संभावना कम

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी

गुरुग्राम | सीट पर भाजपा व कांग्रेस के बीच होता आ रहा मुकाबला


राव इंद्रजीत


अजय यादव


राज बब्बर

गुरुग्राम लोकसभा सीट पर इस बार फिर से भाजपा और कांग्रेस में ही आर-पार की जंग के पूरे आसार बने हुए हैं। कांग्रेस प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं होने से अभी तक इस सीट पर चुनावी रंग नहीं चढ़ा पाया है। प्रमुख प्रत्याशी के अभाव में इस बार भी त्रिकोणीय मुकाबले के आसार दूर तक नजर नहीं आ रहे हैं। कई मायनों में भाजपा का पलड़ा इस सीट पर एक बार फिर भारी पड़ता दिखाई दे रहा है।

वर्ष 2009 में दूसरी बार अस्तित्व में आई इस सीट पर मुकाबला चाहे आर-पार का रहा हो या फिर त्रिकोणीय, दोनों ही स्थिति में बाजी राव इंद्रजीत सिंह के पक्ष में रही है। नए परिसीमन के बाद राव ने पहला चुनाव कांग्रेस की टिकट पर लड़ा था। इस चुनाव में राव विरोधी वोट प्रमुख रूप से तीन प्रत्याशियों में विभक्त हो गया था। राव महज 22.38 फीसदी वोट लेकर भी जीत दर्ज कर गए थे। बसपा से जाकिर हुसैन 15.56, भाजपा से सुधा यादव 10.11 और हजकां से राव नरबीर सिंह 9.42 फीसदी वोटों पर सिमट गए थे। अगर इन वोटों का एकीकरण होता, तो बाजी शायद राव के हाथों से निकल जाती। वर्ष 2014 के चुनावों में राव भाजपा की टिकट पर मैदान में थे। इस चुनाव में मुकाबले लगभग त्रिकोणीय बन गया था। भाजपा प्रत्याशी को कांग्रेस की बजाय इनेलो से जाकिर हुसैन ने 20.06 फीसदी वोट हासिल किए थे। कांग्रेस प्रत्याशी राव धर्मपाल 7.25 फीसदी मतों के साथ तीसरे नंबर पर रहे थे। राव को 34.95 फीसदी वोट मिले थे। इस चुनाव में आम आदमी पार्टी के योगेंद्र यादव ने मुकाबले में 4.31 फीसदी वोट हासिल किए थे। गत लोकसभा चुनावों से पहले जाकिर हुसैन भाजपा में शामिल हो गए थे, जबकि योगेंद्र यादव आप से किनारा कर चुके हैं।

### कैप्टन से मिली थी राव को सीधी टक्कर

पिछले लोकसभा चुनावों को देखा जाए, तो कांग्रेस प्रत्याशी कैप्टन अजय सिंह यादव ने राव इंद्रजीत सिंह को सीधी टक्कर दी थी। राव 8.82 लाख मतों के साथ कैप्टन अजय को बड़े अंतर से हराने में कामयाब रहे थे, परंतु कैप्टन के लिए 4.95 लाख मत हासिल करना कम उपलब्धि नहीं थी। इस चुनावों बसपा प्रत्याशी के 1.85 फीसदी मतों को छोड़कर किसी अन्य दल के प्रत्याशी ने 1 फीसदी वोट भी हासिल नहीं किए थे।

**टिकट में देरी का भाजपा को मिलेगा लाभ** : कांग्रेस में टिकट को लेकर हुई देरी का भाजपा प्रत्याशी को बड़ा लाभ मिल सकता है। कैप्टन अजय या राज बब्बर में पार्टी किसी एक को इस सीट पर मैदान में उतार सकती है। टिकट की घोषणा होने तक भाजपा प्रत्याशी प्रचार के मामले में कांग्रेस से कहीं आगे मिलेंगे। कांग्रेस प्रत्याशी की घोषणा होने के बाद भाजपा प्रत्याशी को 'कमजोर' हलकों तक प्रचार के दोबारा पहुंचने का मौका भी मिल जाएगा।

कुरुक्षेत्र में जनसंपर्क अभियान हुआ तेज

# सोशल मीडिया बना नया अखाड़ा मतदाताओं को लुभा रहे प्रत्याशी

तरुण वधवा ▶▶ कुरुक्षेत्र

### सोशल मीडिया पर भाजपा और आप उम्मीदवार के कई वीडियो वायरल

उम्मीदवार मतदाताओं तक पहुंचने के लिए सोशल मीडिया पर जमकर सक्रिय हैं। कुरुक्षेत्र लोकसभा में चुनाव प्रचार अभियान ने गति पकड़ ली है। भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल, इनेलो प्रत्याशी अभय चौटाला जोरों से चुनाव प्रचार कर रहे है। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डा. सुशील गुप्ता पिछले लगभग डेढ महीने से लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार में लगे हुए है। सोशल मीडिया भी चुनाव प्रचार का एक बड़ा माध्यम बना हुआ है। प्रत्याशी फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स और वाट्सएप कर अपना जनसंपर्क और फोटो आदि डाल रहे हैं। जहां इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डा. सुशील गुप्ता की खेत में फसल काटते हुए व चाय बनाते हुए की वीडियो व फोटो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है वही भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल की भी अनाज मंडी में गेहूं से भरी बोरियां ट्रक में लोड करने की वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। प्रत्याशियों के समर्थक भी फेसबुक और वाट्सएप पर सक्रिय नजर आ रहे हैं। वाट्सएप ग्रुप भी बना हुआ है। प्रत्याशी व उनके समर्थक वाट्सएप ग्रुप का जम कर उपयोग कर रहे हैं।

इसके अलावा मतदाताओं को उनके पर्सनल नंबर पर मैसेज भी भेजा रहा है। हर एक मतदाता तक पहुंचाना बड़ी चुनौती है, इसके लिए सोशल मीडिया बेहतर माध्यम साबित हो रहा है। फेसबुक और वाट्सएप में सैकड़ों लोग साथ जुड़े रहते हैं।

### ग्रुप बनाकर युवाओं को जोड़ा जा रहा

चुनाव में सोशल मीडिया का बहुत फायदा है। ग्रुप बना कर लोगों खासकर युवाओं को जोड़ा जा रहा है। सभी को चुनाव में वोट डाल कर भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की जा रही है। वाट्सएप पर ग्रुप बना कर वोटरों से अपडेट ली जा रही है।

CFTI
MINISTRY OF MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISES
GOVERNMENT OF INDIA
TRAINING CFTI SERVICE
CFTI

**एम.एस.एम.ई. – प्रौद्योगिकी विकास केन्द्र**
**केन्द्रीय पादुका प्रशिक्षण संस्थान**
(सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार)
सी–41 व 42,साईट–सी, औद्योगिक क्षेत्र, सिकन्दरा, आगरा–282007

सीएफटीआई, आगरा, अलग–अलग प्रशिक्षण कार्यक्रम व क्रियाकलाप के माध्यम से पादुका एवं सम्बन्धित उद्योगों के लिए मानव संसाधन का विकास करता आ रहा है।

**रोजगार परक पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश सूचना**

1. DIPLOMA IN "FOOTWEAR MANUFACTURE AND DESIGN" - (2 Yr)
2. PG DIPLOMA IN "FOOTWEAR TECHNOLOGY" - (1.5 Yr)
3. ADVANCED CERTIFICATE IN "FOOTWEAR DESIGN & PRODUCT DEVELOPMENT" - (1 Yr)
4. ADVANCED CERTIFICATE IN "FOOTWEAR MANUFACTURING TECHNOLOGY" - (1 Yr)
5. CERTIFICATE IN "FOOTWEAR DESIGN & PRODUCTION" - (6 Months)
6. CERTIFICATE IN "SHOE CAD" - (3 Months)
7. DIGITAL 3D DESIGN & ENGINEERING - SHOEMASTER (1 Month)

प्रवेश प्रक्रिया:– काउंसलिंग /साक्षात्कार द्वारा पहले आओ पहले पाओ के आधार पर।
• कोर्स प्रारम्भ होने की तिथि – 01-09-2024

अधिक जानकारी के लिए कृपया संस्थान की वेबसाइट को देखें
सम्पर्क करें: 9411204684, 9411029121, 7017204375

Ph: 0562-2642005
E-Mail: info@cftiagra.org.in
CFTI, AGRA
Fax: 0562-2640502
Website: www.cftiagra.org.in

## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के विजेताओं के नाम

### सुनिश्चित पुरस्कार

1. सचिन सुपुत्र सुरजीत न्यू बस्ती, गली नं. 3, बहादुरगढ़, झज्जर 124507, 2. प्रीत सुपुत्र अजित सिंह गांव व डा. गतौली, तहसील जुलाना, जींद, 3. निकिता सुपुत्री आरती धर्मवीर कॉलोनी, घरोंड़ा, करनाल 132114, 4. अंजु पत्नी धर्मेंद्र गांव बत्वा कनीना कोसली रेवाड़ी 123303, 5. आशा पत्नी संदीप कुमार लक्ष्मी नगर, रोहतक रोड, जींद 126102, 6. फुलपति पत्नी प्रकाश चंद्र, जुलाना, जींद 126101, 7. वजीर सिंह सुपुत्र श्री भलेराम गांव बरसाना डॉ. खुंगा कोठी, जींद 126102, 8. सुशील कुमार सुपुत्र श्री चांदराम म.नं. 159, गांव भैणी मातो, महम, रोहतक 124112, 9. श्रीमती शालीनी सिंह पत्नी राजू सिंह 3205, आर्य नगर, बहादुरगढ़, झज्जर, 124507, 10. सुनिता पत्नी श्री राकेश, सेक्टर 9ए, म.नं. 3603, बहादुरगढ़, झज्जर, 124507, 11. हितांशी सुपुत्री अजीत गांव जहाजगढ़ तहसील बेरी, झज्जर 124103, 12. निर्मल योगी सुपुत्र कृष्ण कुमार गांव व डा. बोचारिया, अटेली, महेंद्रगढ़ 123021, 13. तरूण भूतरा सुपुत्र अपेक्षा भूतरा मॉडल टाउन, गली नं. 6, झज्जर, 124507 14. जितेंद्र सुपुत्र सुभाष गांव जय जैयवन्ती, तहसील जुलाना, जींद, 15. प्रिंस सुपुत्र आनंद कुमार गांव दुल्हेड़ा, तहसील बहादुरगढ़, झज्जर 124507, 16. अनिल कुमारी पत्नी श्री बाबूलाल गां. व डा. छुछकवास, मातनहेल, झज्जर, 124106, 17. अमित शर्मा सुपुत्र श्री राजेंद्र शर्मा, नारनौल, महेंद्रगढ़ 123001, 18. हनी ले. (सब) रमेश चंद सुपुत्र स्व. श्री केहर सिंह म.नं. 924/29 रामनगर, रोहतक रोड, जींद 126102, 19. ब्रह्मदत्त सुपुत्र श्री रामानंद गांव घाटाशेर, नारनौल, महेंद्रगढ़ 123001, 20. निर्मला देवी पत्नी श्री ब्रह्मदत्त गांव घाटाशेर, पोस्ट छीलरो तहसील नारनौल, महेंद्रगढ़ 123001, 21. रामकुमार सुपुत्र किशन लाल, उचाना, जींद 126115, 22. श्रीमती ललिता पत्नी डॉ. राकेश कुमार एक्सिस बैंक के सामने गली, मियां हड्डी वाले के पास, वार्ड नं. 1, झज्जर 124103, 23. मुनीलाल सुपुत्र श्री जगदीश प्रसाद म.नं. 98 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, रोहतक 124001, 24. राजकुमार सुपुत्र श्री जयसिंह गांव हुमायूंपुर, मातनहेल, झज्जर, 124146, 25. ऋषि सुपुत्र आनंद कुमार पता मोती नगर नारनौल, महेंद्रगढ़ 123001, 26. सावित्री पत्नी कृष्ण कुमार दगड़ोली बाढ़ड़ा चरखी दादरी 127312, 27. लक्ष्य सुपुत्र मनोज कुमार वार्ड नं. 2, जुलाना तहसील जुलाना, जींद 126101, 28. मुस्कान सुपुत्री खुशीराम पताः गांव जाँट तहसील जिला महेंद्रगढ, 29. धीरज सुपुत्र पवन कुमार गांव व डा. छुड़ानी, बहादुरगढ़, झज्जर 124504, 30. भूपेंद्र सुपुत्र श्री जगत सिंह गांव तलाव झज्जर 124103, 31. परी सुपुत्री हरीश डेयरी मोहल्ला रोहतक 1240010, 32. प्रशांत सुपुत्र संजय कुमार म.नं. 285/34 जनता कॉलोनी, रोहतक 124001, 33. राजेंद्र प्रशाद सुपुत्र श्री अमर सिंह पताः कनीना खास वार्ड न.7, 34. बृजमाला पत्नी सुनिल कुमार गांव मिरजापुर तहसील बावल, रेवाड़ी, 35. धर्मवीर सिंह श्री सुरजभान, हुड्डा वाटरवर्क्स के पीछे, कर्णसिंह हॉस्पिटल के पास, नारनौल, महेंद्रगढ़ 123001, 36. शिव कुमार सुपुत्र बृजलाल शॉप नं. 12 पुरानी अनाज मंडी, सांपला तहसील सांपला, रोहतक 124501, 37. मनोहर लाल सुपुत्र श्री जीवन दास गाँव बैन्जी तहसील महम जिला रोहतक , 38. ओमपती पत्नी स्व. प्रताप सिंह न्यू विजय नगर, रोहतक 124001, 39. अमित सुपुत्र जय सिंह गांव व डा. मौली तहसील जुलाना 126101, 40. सीमा जैन पत्नी संजय जैन साड़ी मोहल्ला सिविल रोड, रोहतक 124001, 41. राजसिंह वर्मा सुपुत्र स्व. श्री चेतराम वर्मा गांव व डा. काहनोर सुनारों वाली तहसील कलानौर, रोहतक 124412, 42. अंकित सुपुत्र श्री राजकुमार एस.के.जी. हाई स्कूल के पास महम, रोहतक 124112, 43. तरूण जैन सुपुत्र मनोज कुमार जैन 958/1 कृष्णा कॉलोनी, गोहाना रोड, रोहतक 124001, 44. श्री हरबंसल लाल सुपुत्र श्री टेकचंद, चारमरला, शान्ति नगर, सोनीपत, 45. शशि बाला पत्नी प्रवीन अम्बेडकर कॉलोनी, गली नं. 3, रोहतक 124001, 46. निर्मल पत्नी किशनलाल म.नं. 841बी/22 झंग कॉलोनी, रोहतक 124001, 47. दिव्यांशी 2615/31 अंबेडकर कॉलोनी रोहतक 124001, 48. गुलशन कौर पत्नी ब्रजपाल सिंह, पुल बाजार, नारनौल, महेंद्रगढ़ 123001, 49. रमेश सुपुत्र बनी सिंह गांव बण्डेका तहसील व जिला जींद 126125, 50. दिलावर सिंह सुपुत्र श्री जिलेसिंह धोड़ तहसील बेरी जिला झज्जर।

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

**आवश्यक सूचना :**

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 10 मई से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 5 तक के हरियाणा के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 6 से 10 एवं गारंटी उपहार के हरियाणा के विजेताओं को सम्बन्धित हरिभूमि कार्यालय / सम्बन्धित अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. 20,000 या 20,000 से अधिक मूल्य के पुरस्कार पर पाठक को टी.डी.एस. के रूप में 30% का भुगतान जमा करना होगा।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतु साथ में लाना अनिवार्य है।

अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रातः 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :-
फोन : 9253681019, 9253681020

## खबर संक्षेप

### जमीन बेचने के नाम पर युवक से ठगे 21 लाख

**यमुनानगर।** जमीन बेचने के नाम पर गांव शेरपुर निवासी रोहित से 21 लाख रुपये ठग लिए गए। आरोप गांव लेदी निवासी यासीन, कोर्ट मुस्तरका निवासी लालदीन व फकीर माजरा निवासी मनफूलदीन पर लगा है। आरोपियों ने पैसे लेने के बाद जमीन की रजिस्ट्री नहीं करवाई। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### कन्फेक्शनरी संचालक की पीट-पीटकर हत्या

**फरीदाबाद।** शुक्रवार देर रात दुकान में शराब पीने से मना करने पर युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। आरोपियों ने उसके भाई पर भी हमला किया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना सारन थाना क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले 60 फुट एयर फोर्स रोड़ की है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य फरार हैं। मृतक की पहचान जवाहर कॉलोनी खण्ड बी निवासी सत्यप्रकाश यादव के रूप में हुई है। मृतक की 2 बेटी और एक बेटे है तथा एयर फोर्स रोड पर दुकान चलाता था।

### फसल की खरीद की समीक्षा बैठक में बोले मुख्य सचिव

# जे-फॉर्म कटने के 72 घंटे के अंदर किसानों की पेमेंट सुनिश्चित की जाए

- प्रदेश की अनाज मंडियों से 24 घंटे में 50 प्रतिशत गेहूं और सरसों की फसलों का उठान कराया जाए
- ओलावृष्टि से खराब फसलों का जल्द से जल्द सर्वे किया जाए, ताकि समय पर खराब फसलों की भरपाई मिल सके

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने उपायुक्तों को निर्देश कि ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों का जल्द से जल्द सर्वे किया जाए, ताकि किसानों को समय पर खराब फसलों की भरपाई मिल सके। किसानों की संतुष्टि हमारी प्राथमिकता है। मुख्य सचिव चंडीगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों एवं अन्य अधिकारियों से रबी-फ़सल की खरीद से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा-बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसान की फसल का जे -फॉर्म कटने के 72 घंटे के अंदर-अंदर फसल का भुगतान किया जाए। रबी-फ़सल की खरीद से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश की मंडियों में गेहूं व सरसों की आवक तेजी से बढ़ रही है। आढ़तियों से तालमेल करके रविवार को मंडियों में फसल की खरीद बंद रखें और ट्रकों व अन्य वाहनों के माध्यम से 24 घंटे में 50% गेहूं व सरसों की फसलों का मंडियों से कल शाम तक उठान करवाकर गोदामों में रखवाएं।



**चंडीगढ़।** उपायुक्तों एवं अन्य अधिकारियों से रबी-फ़सल की खरीद से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा-बैठक की अध्यक्षता करते मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद।

### किसानों को फसल की बिक्री में दिक्कत का सामना न करना पड़े

मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने फसल खरीद से संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को अपनी फ़सल की बिक्री करने में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े, साथ ही फसलों का भुगतान निर्धारित अवधि में हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए सायलो को भी खरीद केंद्र बनाया गया है जहां पर किसान सीधा अपनी फसल बेचने के लिए ले जा सकता है। अगर मंडियों में फसलों के उठान में कोताही न बरती जाए। वे स्वयं इसका फीडबैक लेंगे। उउन्होंने प्रदेश की अनाज मंडियों से फसलों का समय पर उठान करने और किसानों को हर संभव सुविधा मुहैया कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने प्रशासनिक सचिवों को भी समय -समय पर अपने अधीन मंडियों की विजिट करने के भी निर्देश दिए। आढ़तियों के साथ तालमेल करके श्रमिकों की व्यवस्था करें।

## हाईकोर्ट का शिक्षा विभाग के एसीएस को अवमानना का नोटिस

- पीटीआई शिक्षकों के वेतनमान में विसंगतियां दूर नहीं करने पर आदेश जारी


**चंडीगढ़।** हरियाणा में पीटीआई शिक्षकों के वेतनमान में विसंगतियों को दूर करने में स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस ) द्वारा असफल रहने व हाई कोर्ट के आदेशों का पालन न करने पर, पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एसीएस (स्कूल शिक्षा) को न्यायालय की अवमानना कार्यवाही का सामना करने के लिए व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का आदेश दिया है। हाई कोर्ट ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग हरियाणा के अधिकारियों के आचरण से प्रथम दृष्टया पता चलता है कि उन्होंने इस न्यायालय द्वारा पारित आदेश की अवमानना की है, जिसके लिए वे कानून के अनुसार दोषी ठहराए जाने और दंडित किए जाने के पात्र हैं। हाई कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 24 जुलाई के लिए स्थगित करते हुए आदेश दिया है कि एसीएस स्कूल शिक्षा विभाग हरियाणा को नोटिस दिया जाए।

## पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के न्यायिक अधिकारियों का तबादला व पदोन्नति

- 54 अन्य अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीशों का भी तबादला किया गया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा व पंजाब के वरिष्ठ न्यायिक अधिकारियों की तबादला व पदोन्नति सूची जारी की है। इस सूची के साथ ही उन 13 न्याय अधिकारियों को पदोन्नत करने का आदेश जारी किया है जिसको लेकर हाईकोर्ट व हरियाणा सरकार के बीच विवाद चल रहा था। पंजाब के लिए जारी आदेश के अनुसार सात जिला एवं सत्र न्यायाधीशों का तबादला किया गया है जबकि दो अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीशों को पदोन्नत कर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। हरियाणा के दो जिला एवं सत्र न्यायाधीशों का तबादला किया गया है। पंचकूला के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष महला का तबादला गुरुग्राम, गुरुग्राम के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सूर्य प्रताप सिंह का तबादला पंचकूला किया गया है। इनके अतिरिक्त 69 अन्य न्यायिक अधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया गया है। पंजाब के लिए जारी आदेश के अनुसार मोहाली के जिला एवं सत्र न्यायाधीश हरपाल सिंह का तबादला कपूरथला,




लुधियाना के जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुनीष सिंगला का तबादला संगरूर, कपूरथला के जिला एवं सत्र न्यायाधीश का अमरिंदर ग्रेवाल का तबादला अमृतसर, मोगा के जिला एवं सत्र न्यायाधीश अतुल कसाना का एसएएस नगर, अमृतसर की जिला एवं सत्र न्यायाधीश हरप्रीत कौर रंधावा का तबादला लुधियाना, एसबीएस के जिला एवं सत्र न्यायाधीश कंवलजीत सिंह बाजवा का तबादला तरन तारन, तरन तारन की जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रिया सूद का एसबीएस नगर, जालंधर के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरबजीत सिंह धालीवाल को मोगा का जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाकर, पटियाला के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश हरि सिंह ग्रेवाल को मानसा का जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाकर भेजा गया है। इनके अतिरिक्त 54 अन्य अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीशों का तबादला किया गया है।

## सरकार के बाद एजी आफिस से भी जजपा को बाहर करने की तैयारी

- जेजेपी से जुड़े कानून अधिकारियों से मांगे त्यागपत्र, हालांकि एजी ने त्याग पत्र की बात से इंकार किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

जेजेपी से जुड़े कानून अधिकारी लगातार त्याग पत्र दे रहे है, एडिशनल एडवोकेट जनरल जगबीर मलिक व बिजेंद्र सिंह धनखड़ के त्यागपत्र देने के बाद आधा दर्जन कानून अधिकारी त्याग पत्र दे चुके है। हरियाणा एजी आफिस में जजपा कोटे के विभिन्न पदों पर लगभग 19 कानून अधिकारी तैनात हैं। इनमें से पांच एडिशनल एडवोकेट जनरल , सात डिप्टी एडवोकेट जनरल और सात सहायक एडवोकेट जनरल के पद पर तैनात हैं। सूत्रों के अनुसार एजी आफिस से जेजेपी से जुड़े कानून अधिकारियों को फोन कर त्यागपत्र देने को कहा गया था। जिसके बाद आठ कानून अधिकारियों ने तुरंत त्याग पत्र दे दिया। जजपा कोटे के 19 कानून अधिकारी में से केवल चार से त्यागपत्र नहीं देने को कहा गया। संभावना है कि जल्द ही जेजेपी से जुड़े 11 कानून अधिकारी भी अपने पद से त्यागपत्र दे सकते हैं। एजी आफिस में चंडीगढ़ में एजी समेत 178 कानून अधिकारी व दिल्ली में 26 कानून अधिकारी नियुक्त है। अभी तक किसी भी कानून अधिकारी का त्याग पत्र स्वीकार नहीं किया गया।

### गो सेवा और संरक्षण को समर्पित रहा खट्टर का कार्यकाल : गर्ग

**चंडीगढ़।** हरियाणा गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्रवण गर्ग और भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा में भी गोसेवा और संरक्षण की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किया। दोनों नेता असंध में हरि निवास, दरबारा कॉलोनी एक्सटेंशन पर पार्टी कार्यकर्ताओं से रूबरू हो रहे थे। गो सेवा आयोग अध्यक्ष श्रवण गर्ग और हरियाणा अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि सरकार बेसहारा गोवंश को सड़कों से हटाकर उन्हें गोशालाओं, नंदी शालाओं और गौ अभयारण्य में भेजने की व्यापक कार्य योजना पर काम शुरू कर चुकी हैं।

### एसीबी में रिटायर्ड कर्मियों की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर हाईकोर्ट नाराज

**चंडीगढ़।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी में रिटायर्ड पुलिस कर्मियों की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है। शनिवार को हाई कोर्ट के जस्टिस विनोद एस भारद्वाज ने हाई कोर्ट के वकील अक्षय जिंदल को मामले में स्थानीय आयुक्त नियुक्त करते हुए मुख्य सचिव कार्यालय से सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी शेषन बालासुब्रमण्यम को एसपी और रामास्वामी पार्थसारथी को डीएसपी की नियुक्ति करने का पूरा रिकार्ड जब्त करने और हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल विजिलेंस के पास जमा कराने का आदेश दिया है।

## ट्रेन की चपेट में आई बाइक, रेल पौना घंटा खड़ी रही दबलैन रोड रेलवे फाटक पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नरवाना स्थित दबलैन रोड रेलवे फाटक पर उस समय हडकंप मच गया जब रेलगाड़ी की चपेट में अचानक से बाइक आ गई। हालांकि चालक बाल-बाल बच गया लेकिन रेलगाड़ी काफी समय तक वहीं खड़ी रही। घटना की सूचना मिलने पर रेलवे सुरक्षा बल कर्मी और रेलवे के टैक्नीशियन मौके पर पहुंचे और रेलगाड़ी की तकनीकि खामी को ठीक कर गंतव्य की तरफ रवाना किया। लगभग पौना घंटा तक रेलगाड़ी के खड़ा रहने से यात्रियों को परेशानी हुई। फिलहाल रेलवे सुरक्षा बल ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज



कर जांच शुरू कर दी है। शनिवार सुबह जींद से जाखल की तरफ रेलगाड़ी जा रही थी। नरवाना स्थित दबलैन रोड रेलवे फाटक पर पर एक बाइक चालक ने क्रॉस करने का प्रयास किया तो बाइक रेलगाड़ी की चपेट में आ गई। जिससे बाइक के परखच्चे उड़ गए लेकिन चालक बच गया और मौके से भाग निकला। रेलवे सुरक्षा बल कर्मी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

### एक बार फिर बदलेगा मौसम

## आज से हरियाणा और एनसीआर के कई जिलों में बारिश-हवाएं चलने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शनिवार को सुबह मौसम साफ रहने के बाद दोपहर के समय भीषण गर्मी ने लोगों को काफी परेशान किया। हालांकि एक सप्ताह से रोजाना शाम के समय बादल छा जाने से बरसात के आसार बन रहे है, लेकिन दोपहर को धूप की तपिश व गर्म हवाएं लोगों के पसीने छुड़ाने काम कर रही है। गर्मी बढ़ने के साथ ही लोगों ने दिन के समय घरों से निकलना कम कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार अप्रैल महीने के अंत तक लगातार तीन कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से 21, 26 और 29 अप्रैल को हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मौसम गतिशील बना रहेगा। बारिश और हवाएं चलने की संभावना बनी हुई है।



### फिर से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा

मौसम विशेषज्ञ डा. चंद्र मोहन ने बताया कि एनसीआर दिल्ली में रविवार को फिर से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। पिछले दो दिनों से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से हरियाणा के पश्चिमी और दक्षिणी हिस्सों में हल्की बारिश, बूंदा-बांदी और तेज गति से हवाएं चलने व कई जिलों में हल्की बारिश व कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की गतिविधियों को दर्ज किया गया है।



## सीजेआई चंद्रचूड़ ने की मोदी सरकार के तीन नए कानूनों की तारीफ

# अब बड़े बदलावों के लिए तैयार है देश नई चुनौतियों के लिए नए तरीके जरूरी



*सीजेआई ने कहा कि इन 3 नए कानूनों से भारतीय समाज में एक नए अध्याय की शुरुआत होगी। उन्होंने कहा कि नए कानून भारत के क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में अभूतपूर्व बदलाव लाएंगे और पीड़ित पर भी ध्यान दिया जाएगा।*

**पर हमें ये सुनिश्चित करना होगा कि इंफ्रास्ट्रक्चर पर्याप्त रूप से विकसित हो और जांच अधिकारियों को ट्रेनिंग मिले**

ये नए कानून 1 जुलाई 2024 से लागू हो जाएंगे



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने तीन नए कानूनों बनने और लागू होने को लेकर मोदी सरकार की तारीफ की है। साथ ही यह भी कहा कि देश नए बदलावों के लिए तैयार है। 17वीं लोकसभा के दौरान तीन अहम कानून संसद द्वार पारित किए गए थे, सीआरपीसी, आईपीसी से लेकर एविडेंस एक्ट खत्म कर तीन नए कानून पेश किए गए थे। ये कानून 1 जुलाई 2024 से लागू हो जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने मोदी सरकार के इन तीन नए कानूनों की तारीफ की है। उन्होंने विधि एवं न्याय मंत्रालय द्वारा पेश नए कानूनों को लेकर आयोजित एक कॉन्फ्रेंस में कहा कि तीन नए कानून समाज के लिए बेहद ही जरूरी हैं।


### पुराने तरीकों की सबसे बड़ी खामी पीड़ित पर ध्यान न दिया जाना था

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि पुराने तरीकों की सबसे बड़ी खामी पीड़ित पर ध्यान न दिया जाना था। नए कानून में इस बात का ध्यान रखा गया है कि अभियोजन और जांच कुशलता से हो सके। छापेमारी के दौरान साक्ष्यों की ऑडियो विजुअल रिकॉर्डिंग अभियोजन पक्ष के साथ साथ नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। सीजेआई ने कहा है कि भारत सरकार ने हाल ही में 7,000 करोड़ रुपए का बजट न्यापालिका के लिए आवंटित किया है, जिसका इस्तेमाल अदालतों के अपग्रेडेशन में किया जा रहा है। सीजेआई ने कहा कि नवंबर और 31 मार्च के बीच 850 करोड़ रुपए हार्डवेयर और सॉफ्ट वेयर को अपग्रेड करने में खर्च किए गए हैं। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि वह हमेशा से घरेलू डिजिटल कोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने की हिमायत करते रहे हैं।

#### आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक ने कही ये बड़ी बात

### भारत ने दुनिया को दिखाई राह, जी-20 अध्यक्ष के तौर पर भूमिका की तारीफ

**वाशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों के दौरान कई प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर आम सहमति बनाने में जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत द्वारा निभाई गई भूमिका की बड़ी सराहना की गई है। भारत के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारत ने 9-10 सितंबर तक नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी की। इस शिखर सम्मेलन ने रूस-यूक्रेन युद्ध पर प्रमुख मतभेदों को दूर करते हुए आम सहमति से 37 पेज के घोषणा पत्र को अपनाया और वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए। आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने आईएमएफ और विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों के मौके पर बताया कि वैश्विक स्तर के लिए प्रासंगिक कई मुद्दों पर आम सहमति बनाने में जी-20 में भारत की अध्यक्षता की व्यापक सराहना हो रही है। सेठ ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था ने चुनौतीपूर्ण वैश्विक हालात के बावजूद निरंतर खपत तथा निवेश के मामले में पिछले साल मजबूत वृद्धि दर्ज की है।



#### खतरों से निपटने नासा करेगा अरबों खर्च

## मंगल से आ सकते हैं महामारी के वायरस, फिर दुनिया पर संकट

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

स्पेस से हमें जिस तरह के खतरों का सामना करना पड़ सकता है, वह पृथ्वी पर पैदा किए हुए हथियार ही नहीं बल्कि दूसरे ग्रह, क्षुद्रग्रह, या उलकापिंड के जरिए आए खतरनाक और जानलेवा सूक्ष्मजीव भी हो सकते हैं। यह आशंका मंगल जैसे ग्रह से आने वाले नमूनों के लिए ज्यादा जाहिर की जाती है। नासा इस तरह के खतरों से निपटने अरबों डॉलर खर्च करेगा। इसके संभावित खतरों से निपटना जरूरी है।

### बड़े पैमाने पर फैल सकते हैं रोगाणु

*लाल ग्रह की सतह से लिए गए नमूनों को कुछ विवादों का सामना करना पड़ा है क्योंकि सार्वजनिक निकायों ने चेतावनी दी है कि उन वस्तुओं से जुड़े पारिस्थितिक रूप से भूखे रोगाणु हमारे ग्रह पर बड़े पैमाने पर फैल सकते हैं। किसी भी संभावित जैविक परिवर्तन का मुकाबला करने के लिए जैवरक्षा पर द्विदलीय आयोग पहले ही स्थापित किया जा चुका है।*

### बजट बढ़ाने की कोशिश कर रहा नासा

नमूने लौटाने के लिए नासा के अरबों डॉलर के बजट के हिस्से के रूप में अंतरिक्ष संगठन के पास 11 अरब डॉलर (£8.8 बिलियन) से भी कम है। बजट का एक हिस्सा संभवतः एस्ट्रोबायोडिफेंस समूह के लिए आरक्षित किया जाएगा क्योंकि शलाला और बूक्स का दावा है कि नासा को अपना पैसा एक समूह में निवेश करना चाहिए।

### जब दुनिया तनाव में है, भारत प्रगति कर रहा है : सीआईआई

कोलकाता (भाषा)। प्रमुख उद्योग मंडल सीआईआई के मनोनीत अध्यक्ष संजीव पुरी ने कहा कि भारत ऐसे वक्त में प्रगति कर रहा है, जब दुनिया तनाव के दौर से गुजर रही है। उन्होंने शुक्रवार रात यहां एक कार्यक्रम में कहा कि मौजूदा वक्त काफी दिलचस्प है।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**ज्योतिष**

समस्या बताएं तुरंत समाधान पाये

नौकरी, व्यापार, मनचाहा प्यार, शादी, ग्रहकलेश, पति पत्नी में अनबन, सौतन–दुश्मनो से छुटकारा, मुकदमा रूठो को मनाना, तलाक में बाधा, बनते–बनते काम बिगड़ जाना, लव मैरिज आदि

**दीपक शास्त्री**

E-13, आर्य समाज रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली–59

8586896357

**ज्योतिष**

इंडिया के नं 1 तांत्रिक गुरु भवानी जी

खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर

आपके विश्वास का एक ही नाम

21 सालों से एक ही स्थान पर

स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी

लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि

9988289203

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार–पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

#### सुपरपावर देशों की बढ़ी टेंशन

## उत्तर कोरिया ने किया अब तक का सबसे खतरनाक मिसाइल परीक्षण



एजेंसी ▶▶ सियोल

अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ बढ़ते तनाव के बीच उत्तर कोरिया ने फिर हथियारों का परीक्षण किया है। उसने पश्चिमी तटवर्ती क्षेत्र से एक सुपर-लार्ज क्रूज मिसाइल वारहेड और एक नई एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल का परीक्षण किया। संयुक्त राष्ट्र द्वारा किसी भी रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण प्रतिबंधित किए जाने के बावजूद उत्तर कोरिया अपनी सैन्य क्षमता बढ़ाने में जुटा है।

### 2 फरवरी को भी किया था परीक्षण

रणनीतिक क्रूज मिसाइल ह्वासल-1 आरए-3 के लिए तैयार वारहेड और प्योलज्जी-1-2 विमान रोधी मिसाइल का परीक्षण किया। उत्तर कोरिया ने इससे पहले दो फरवरी को ऐसे ही परीक्षण किए थे, लेकिन उस समय क्रूज मिसाइल या विमान रोधी मिसाइलों के नाम नहीं बताए गए थे।

#### कारण अज्ञात, जांच शुरू

## ग्रैमी अवार्ड विनर मैंडिसा का शव अपने घर में पाया गया

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



अमेरिकन आइडल जीतने वाली और ग्रैमी अवॉर्ड विनर 47 वर्षीय आर्टिस्ट मैंडिसा अपने घर में रहस्यमयी तरीके से मृत पाई गई हैं। पुलिस ने उनकी मौत की जांच शुरू कर दी है। मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। इस बीच मैंडिसा के फैन्स में भी दुख की लहर दौड़ गई है। मैंडिसा हमेशा से ही हिम्मत करने वालों की एक साहसी आवाज रही है। साल 2006 में आए इंडियन आइडल से मैंडिसा की आवाज घर घर तक पहचान बनाने में कामयाब रही। उन्होंने अपना डेब्यू एल्बम रिलीज किया, जिसका नाम था ट्रू ब्यूटी। इस एल्बम के साथ ही क्रिश्चियन म्यूजिक में उनका सफर शुरू हो गया। इसके बाद उनके बहुत से एल्बम रिलीज हुए। जिसमें फ्रीडम, इट्स क्रिस्मस, वॉट इफ वी वेयर रियल जैसे एल्बम शामिल हैं। सिंगिंग के हुनर के चलते मैंडिसा ने ग्रैमी अवॉर्ड भी जीते।

## एचडीएफसी बैंक का मार्च तिमाही का शुद्ध लाभ बढ़कर 17,622 करोड़ रुपये पर

**मुंबई (भाषा)।** देश में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में 2.11 प्रतिशत वृद्धि के साथ 17,622.38 करोड़ रुपये रहा। बीते वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर, 2023 तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 17,257.87 करोड़ रुपये रहा था। एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को बताया कि एकल आधार पर उसका शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में 16,511.85 करोड़ रुपये रहा, जो दिसंबर तिमाही में 16,372.54 करोड़ रुपये था। बैंक ने पिछले साल जुलाई में अपनी आवास ऋण केंद्रित मूल कंपनी एचडीएफसी का विलय कर लिया था।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सागर** पुत्र **भगवान** निवासी **वीपीओ निमाणा, पीपी दुलिना, जिला झज्जर, हरियाणा** ने case **FIR No. 101/2022 U/s 411 IPC, थाना जाफरपुर कलां, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **सागर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सागर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 101/2022 U/s 411 IPC, थाना जाफरपुर कलां, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सागर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **24.05.2024** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री अभिनव अहलावत
मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट
कमरा नं. 314, द्वारका जिला न्यायालय,
नई दिल्ली

DP/4513/DW/2024(Court Matter)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रवि कुमार उर्फ रविंदर, पुत्रः** धर्मबीर, **पताः** गाँव सांखोल, जिला झज्जर, हरियाणा ने **FIR No. 495/2022, U/s 25/54/59 Arms Act, थानाः उत्तर रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रवि कुमार उर्फ रविंदर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रवि कुमार उर्फ रविंदर** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 495/2022, U/s 25/54/59 Arms Act, थानाः उत्तर रोहिणी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रवि कुमार उर्फ रविंदर** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.06.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
एब्बानी अग्रवाल
महानगर दण्डाधिकारी (उत्तर–पश्चिम)
कमरा नंबर 107, पहली मंजिल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/4262/RD/2024-
(Court Matter)

### ईपीएफओ में फरवरी में शुद्ध आधार पर 15.48 लाख सदस्य जुड़े

*नई दिल्ली (भाषा)। सेवानिवृत्ति निधि निकाय ईपीएफओ ने फरवरी, 2024 में शुद्ध आधार पर 15.48 लाख सदस्य जोड़े। श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि फरवरी, 2024 में लगभग 7.78 लाख सदस्यों ने पहली बार कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में नामांकन किया। ईपीएफओ के पेरोल आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा संख्या 18-25 आयु वर्ग की है। फरवरी 2024 में जोड़े गए कुल नए सदस्यों में इस वर्ग की हिस्सेदारी 56.36 प्रतिशत है। आंकड़े बताते हैं कि संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकांश व्यक्ति युवा, मुख्य रूप से पहली बार नौकरी चाहने वाले हैं। पेरोल आंकड़ों से पता चलता है कि लगभग 11.78 लाख सदस्य बाहर निकल गए और बाद में ईपीएफओ में फिर से शामिल हो गए। इन सदस्यों ने अपनी नौकरी बदल ली और ईपीएफओ के दायरे में आने वाले प्रतिष्ठानों में फिर से शामिल हो गए। इन सदस्यों ने अंतिम निपटान के लिए आवेदन करने के बजाय अपनी राशि को स्थानांतरित करने का विकल्प चुना, जिससे दीर्घकालिक वित्तीय कल्याण की रक्षा हुई और उनकी सामाजिक सुरक्षा का विस्तार हुआ।*

### रत्न, आभूषण निर्यात 2023-24 में 12.17 प्रतिशत घटकर 2.65 लाख करोड़ रुपये परः जीजेईपीसी

**मुंबई (भाषा)।** देश का रत्न और आभूषण निर्यात बीते वित्त वर्ष के दौरान 12.17 प्रतिशत घटकर 2,65,187.95 लाख करोड़ रुपये रहा। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्द्धन परिषद (जीजेईपीसी) के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इस दौरान अमेरिका में ऊंची ब्याज दरों और चीन में धीमे सुधार के कारण उद्योग का प्रदर्शन प्रभावित हुआ। वित्त वर्ष 2022-23 में रत्न एवं आभूषण का निर्यात 3,01,925.97 करोड़ रुपये था। जीजेईपीसी के चेयरमैन विपुल शाह ने पीटीआई-भाषा से कहा, /"पिछला वित्त वर्ष सभी उत्पाद श्रेणियों के लिए बहुत चुनौतीपूर्ण था। ऐसा मुख्य रूप से अमेरिका में ऊंची ब्याज दरों से उत्पन्न मंदी के कारण हुआ, जो इस क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। इसके अलावा, चीन में कोविड-19 के बाद सुधार की प्रक्रिया धीमी रहने से भी प्रभाव पड़ा। इस बीच, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान तराशे और पॉलिश किए गए हीरों का कुल निर्यात 25.23 प्रतिशत घटकर 1,32,128.29 करोड़ रुपये रह गया, जबकि 2022-23 की समान अवधि में यह 1,76,716.06 करोड़ रुपये था। पॉलिश वाले कृत्रिम हीरों का अनंतिम सकल निर्यात बीते वित्त वर्ष में 13.79 प्रतिशत घटकर 11,611.25 करोड़ रुपये रह गया, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 13,468.32 करोड़ रुपये था।

### केंद्र का लक्ष्य भारत को विनिर्माण, सेवाओं के लिए आकर्षक गंतव्य बनानाः सीतारमण

**अहमदाबाद।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि केंद्र ने भारत को विनिर्माण और सेवाओं के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनाने के लिए नीतियां तैयार की हैं।उन्होंने आगे जोड़ा कि न केवल घरेलू बाजार के लिए बल्कि निर्यात के लिए भी उत्पादन करने पर सरकार का जोर है। वह अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ अपनी बैठक स्थगित करने पर एक सवाल का जवाब दे रही थीं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, निवेश आकर्षित करने के लिए नीतियां बनाई गई हैं।

## राशिफल

**मेष** — मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार के स्वास्थ का ध्यान रखें। कारोबार में कुछ समस्याएं आ सकती हैं। भाई–बहनों का सहयोग मिल सकता है।

**मिथुन** — मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय के स्रोत विकसित हो सकते हैं।

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में कठिनाई हो सकती है। सचेत रहें। किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार के लिए विदेश यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**कन्या** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु नौकरी में अफसरों से व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें। कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कोई जिम्मेदारी मिल सकती है।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। आत्मसंयत भी रहे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। पिता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। परन्तु जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है।

**मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। आय में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। क्रोध से बचें। सन्तान के स्वास्थ का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**मीन** — शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


## दक्षिण पूर्व एशिया और पश्चिम एशिया के बीच यात्रा का केंद्र बन रहा है भारतः उद्योग अधिकारी

चेन्नई (भाषा)। भारत धीरे-धीरे दक्षिण पूर्व एशिया और पश्चिम एशिया के बीच यात्रा के लिए एक सुविधाजनक केंद्र बन रहा है। उद्योग के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि एयरलाइंस भारतीय शहरों के माध्यम से लोगों को स्थानांतरित करना पसंद कर रही हैं। इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड (इंडिगो एयरलाइंस) के निदेशक मंडल के चेयरमैन वी सुमंत्रन ने शनिवार को यहां कहा कि भारत में भारी वृद्धि हुई है और एयरलाइंस कई घरेलू मार्गों का इस्तेमाल 'कनेक्टिविटी' के लिए करती हैं। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास के 65वें संस्थान दिवस पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इंडिगो एयरलाइंस ने 2006 में कम लागत वाली एयरलाइन के रूप में शुरुआत की थी। कंपनी ने फ्रांस में 500 विमानों का ऑर्डर देकर विमानन उद्योग में सबसे बड़ा एकल ऑर्डर दिया था।आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्र सुमंत्रन ने कहा, ''भारत को एक ऐसी एयरलाइन की जरूरत थी जो हममें से कई लोगों को किफायती यात्रा मुहैया करा सके और इसका नतीजा हम देख सकते हैं। यहां तक कि अब हम देख रहे हैं कि भारत बुनियादी ढांचे के विकास पर बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। हमारे पास अभी करीब 140 हवाई अड्डे हैं और 2030 तक इनकी संख्या 220 हो जाएगी।

### नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने आईएमएफ से एक और राहत पैकेज मांगा

**वाशिंगटन/इस्लामाबाद (भाषा)।** नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से 6-8 अरब डॉलर का एक और राहत पैकेज मांगा है। एक मीडिया रिपोर्ट में शनिवार को बताया गया कि पाकिस्तान ने जलवायु वित्तपोषण के जरिए राहत पैकेज जारी करने का औपचारिक अनुरोध किया है। पाकिस्तान ने विस्तारित फंड सुविधा (ईएफएफ) के तहत अगले राहत पैकेज के लिए अगले महीने आईएमएफ से समीक्षा मिशन भेजने का भी अनुरोध किया है।


## शब्द पहेली - 5488




**बाएँ से दाए**
1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**
1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

### शब्द पहेली - 5487 का हल





## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 10 |
| कोलकाता | 6 | 4 | 2 | 8 |
| चेन्नई | 7 | 4 | 3 | 8 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 |
| गुजरात | 7 | 3 | 4 | 6 |
| पंजाब | 7 | 2 | 5 | 4 |
| बेंगलोर | 7 | 1 | 6 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
361 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
13 विकेट
मुंबई

# फिटनेस बना मसला पर धोनी का दिमाग एकदम चुस्त, लंबे कॅरियर से मंत्रमुग्ध उथप्पा

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

महेंद्र सिंह धोनी के लंबे कॅरियर से मंत्रमुग्ध भारत के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने कहा कि चेन्नई सुपर किंग्स के इस महान क्रिकेटर का दिमाग अभी भी उतना ही चुस्त है और प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में उनके लंबे सफर पर विराम सिर्फ फिटनेस की वजह से लग सकता है। धोनी ने इस आईपीएल सत्र में जबर्दस्त बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई के लिए कई मैचों में ताबड़तोड़ रन बनाए हैं।



उथप्पा ने कहा, 'सिर्फ एक ही चीज उन्हें रोक सकती है, स्वास्थ्य। फिटनेस की वजह से ही शायद वे आगे नहीं खेलें। खेल के लिए उनका जुनून काफी गहरा है और वह खेलते रहना चाहते हैं। अगर कुछ उन्हें रोक सकता है तो वह उनका अपना शरीर है।






**गेंदबाजों पर बनाते हैं दबाव**

' धोनी की आक्रामक पारियों के बारे में भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने कहा, 'दर्शकों का शोर और तेज होता जा रहा है। एम एस धोनी की मैदान पर मौजूदगी का यह जलवा है। हर पारी में वह और बेहतर खेल रहे हैं। उनका प्रभाव ऐसा है कि वह मैदान पर उतरते ही गेंदबाजों पर दबाव बनाते हैं।'

### चेन्नई के दिल की धड़कन हैं धोनी

महेंद्र सिंह धोनी को चेन्नई सुपर किंग्स के 'दिल की धड़कन' बताते हुए कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि घुटने की चोट से उबरने के बाद वह लंबे समय तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते लिहाजा शानदार फॉर्म के बावजूद उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर नहीं भेजा जा सकता। 42 वर्ष के धोनी ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ शुक्रवार को नौ गेंद में 28 रन बनाए लेकिन उनकी टीम आठ विकेट से हार गई। धोनी के फॉर्म के बारे में फ्लेमिंग ने कहा, 'यह प्रेरणास्पद है ना। अभ्यास के दौरान भी वह बहुत उम्दा बल्लेबाजी कर रहे हैं। टीम इससे हैरान नहीं है क्योंकि सत्र से पहले तैयारी में भी वह शानदार खेल रहे थे। उनके घुटने में दर्द है और वह इससे उबरने की प्रक्रिया में कुछ ही गेंद खेल सकते हैं।'



### ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करना चाहिए



जहां एक तरफ खेल प्रेमी महेंद्र सिंह धोनी के बल्लेबाजी क्रम में ऊपर बल्लेबाजी करने की मांग कर रहे हैं तो वहीं ब्रायन लारा को लगता है कि इस करिश्माई खिलाड़ी से पूछा जाना चाहिए कि क्या वह ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करना पसंद करेंगे? टीम प्रबंधन भी धोनी को ऊपरी क्रम में खिलाना पसंद करेगा लेकिन वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर लारा जानते हैं कि 42 वर्षीय धोनी को घुटने की समस्या है जिससे वह ज्यादा लंबे समय तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते इसलिए वह ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी की बात पर विचार नहीं करेंगे। घुटने की समस्या के अलावा धोनी उम्र के ऐसे पड़ाव में हैं जहां वह युवाओं को अपनी काबिलियत साबित करने का मौका देना चाहेंगे।

## खबर संक्षेप



### लड़कियों को खेलों में बढ़ावा दें : तेंदुलकर

**रांची।** चैंपियन क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने अभिभावकों से लड़कियों को खेलों में उतरने के लिए प्रोत्साहित करने का अनुरोध करते हुए कहा कि वे उनके चेहरों पर मुस्कुराहटें लाएंगी। तेंदुलकर और उनकी पत्नी अंजलि यहां युवा फाउंडेशन की फुटबॉल खिलाड़ी लड़कियों की हौसलाअफजाई के लिए आए हैं। युवा और सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन मिलकर लड़कियों को फुटबॉल का प्रशिक्षण देते हैं। तेंदुलकर और अंजलि ने फुटबॉल खिलाड़ियों से बात भी की।

### रूड और सिटसिपास सेमीफाइनल में पहुंचे

**बार्सीलोना।** कैस्पर रूड और स्टेफानोस सिटसिपास ने बार्सीलोना ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया और दोनों की टक्कर लगातार दूसरे फाइनल में हो सकती है। रूड ने मात्तेओ अर्नाल्डी को 6-4, 6-3 से हराकर सत्र में 27वीं जीत दर्ज की। वहीं सिटसिपास ने फाकुंडो डियाज को 4-6, 6-3, 7-6 से मात दी। रूड का सामना अब थॉमस मार्टिन ई से होगा जिन्होंने कैमरन नॉरी को 7-6, 7-6 से हराया। वहीं सिटसिपास की टक्कर डुसान लाजोविच से होगी जिन्होंने आर्थर फिल्स को 6-4, 3-6, 6-2 से मात दी।



### राहुल, ऋतुराज पर लगा 12-12 लाख जुर्माना

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान केएल राहुल और चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ पर आईपीएल के मैच के दौरान धीमी ओवरगति के लिये 12-12 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया है। लखनऊ ने अपने मैदान पर खेलते हुए चेन्नई को शुक्रवार को आठ विकेट से हराया। आईपीएल की आचार संहिता के तहत धीमी ओवरगति का इन टीमों का यह पहला अपराध था तो राहुल और ऋतुराज पर जुर्माना लगाया गया।



### डी गुकेश का अलीरजा से सामना आज



**टोरंटो।** भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 13वें दौर में फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को हराकर खिताब जीतने की अपनी संभावनायें पुख्ता करना चाहेंगे। सफेद मोहरों से गुकेश का यह आखिरी मैच होगा और अलीरजा इस समय सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं। गुकेश, अमेरिका के हिकारू नकामूरा और रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि 7.5 अंक लेकर संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। टूर्नामेंट के दो ही दौर बाकी हैं। नेपोम्नियाश्चि और नकामूरा के बीच होगा। नकामूरा ने लगातार तीन जीत दर्ज की है जबकि नेपाम्नियाश्चि अकेले खिलाड़ी हैं जो 12 मुकाबलों में अपराजेय रहे हैं। फेबियानो कारुआना भी जीत के दावेदारों में से हैं जिनके सात अंक है।


## हैदराबाद की लगातार चौथी जीत, नटराजन को 4 विकेट

# हेड की ताबड़तोड़ पारी के दम पर सनराइजर्स ने कैपिटल्स को हराया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की ताबड़तोड़ पारियों और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए महज 38 गेंद में 131 रन की साझेदारी के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग टी-20 मैच में शनिवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को 67 रन से शिकस्त दी। सनराइजर्स हैदराबाद ने सात विकेट पर 266 रन का बड़ा स्कोर खड़ करने के बाद दिल्ली कैपिटल्स को 19.1 ओवर में 199 रन पर आउट कर सात मैच में पांचवीं जीत दर्ज की। इस जीत से टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गयी।

दिल्ली की यह आठ मैचों में पांचवीं हार है और टीम तालिका में सातवें स्थान पर खिसक गयी है। दिल्ली के लिए जैक फ्रेजर गुर्क ने 18 गेंद में 65 जबकि अभिषेक पोरेल ने 22 गेंद में 42 रन का योगदान दिया। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए महज 30 गेंद में 84 रन की साझेदारी कर सनराइजर्स के गेंदबाजों को परेशान किया। इस साझेदारी के टूटने के बाद दिल्ली के बल्लेबाज तेजी से रन नहीं बना सके। कप्तान ऋषभ पंत ने 35 गेंद में 44 रन का योगदान दिया।



सनराइजर्स के लिए टी नटराजन ने चार ओवर में सिर्फ 19 रन देकर चार और मयंक मार्कंडेय ने दो ओवर में 26 रन देकर दो विकेट लिये। नीतिश कुमार रेड्डी ने भी दो विकेट चटकाये।

हेड ने 32 गेंद की पारी में 11 चौके और छह छक्कों की मदद से 89 रन बनाये जबकि अभिषेक ने महज 12 गेंद की पारी में दो चौके और छह छक्कों की मदद से 46 रन जड़ दिये।

**हैदराबाद-266/7 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| हेड का स्टब्स बो कुलदीप | 89 |
| अभिषेक का अक्षर बो कुलदीप | 46 |
| मार्कराम का अक्षर बो कुलदीप | 01 |
| हेनरिच क्लासेन बो अक्षर | 15 |
| नीतिश रेड्डी का वार्नर बो कुलदीप | 37 |
| शाहबाज अहमद नाबाद | 59 |
| समद का नोर्किया बो मुकेश | 13 |
| पैट कमिंस रन आउट | 01 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 00 |

अतिरिक्त: 05
कुल योग: (20 ओवर में सात विकेट पर) 266 रन
गेंदबाजी: खलील 3-0-51-0, ललित 2-0-41-0, नोर्किया 3-0-31-0, कुलदीप 4-0-55-4, मुकेश 4-0-57-1, अक्षर 4-0-29-1

**दिल्ली-199/10 (19.1)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| पृथ्वी साव का समद बो सुंदर | 16 |
| वार्नर का कमिंस बो भुवनेश्वर | 01 |
| गुर्क का क्लासेन बो मार्कंडेय | 65 |
| पोरेल स्टं. क्लासेन बो मार्कंडेय | 42 |
| स्टब्स का शाहबाज बो रेड्डी | 10 |
| ऋषभ पंत का नटराजन बो रेड्डी | 44 |
| ललित यादव बो नटराजन | 06 |
| पटेल का कमिंस बो नटराजन | 06 |
| नोर्किया बो नटराजन | 00 |
| कुलदीप पगबाधा नटराजन | 00 |
| मुकेश कुमार नाबाद | 00 |

अतिरिक्त: 08
कुल योग: (19.1 ओवर में सभी आउट) 199 रन
गेंदबाजी: सुंदर 2-0-46-1, भुवनेश्वर 4-0-33-1, कमिंस 4-0-35-0, नटराजन 4-0-19-4, मार्कंडेय 2-0-26-2, शाहबाज 1-0-22-0, रेड्डी 2.1-0-17-2

### बेंगलोर के सामने केकेआर की चुनौती

**कोलकाता।** हार दर हार से आजिज आ चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को बखूबी पता है कि अब किसी चूक की गुंजाइश नहीं है लिहाजा रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में उसे हर हालत में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सात मैचों में से छह हार के बाद आरसीबी का पहला आईपीएल खिताब जीतने का सपना टूटता नजर आ रहा है। लगातार पांच हार के बाद आरसीबी अंकतालिका में सबसे नीचे है और प्लेआफ की उम्मीदें बनाए रखने के लिए उसे बाकी सातों मैच जीतने होंगे।

### जीत की राह पर लौटने उतरेंगे पंजाब-गुजरात

**मुल्लांपुर।** लगातार हार के बाद अंकतालिका में नीचे खिसकी पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को जब आमने सामने होंगी तो दोनों का इरादा जीत की राह पर लौटने का होगा। पूर्व चैंपियन गुजरात टाइटंस पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से हारने के बाद आठवें स्थान पर खिसक गई है। दिल्ली ने उसे 89 रन पर समेट दिया था और चार मैचों में यह उसकी तीसरी हार थी। पंजाब किंग्स नौवे स्थान पर है जिसे मुंबई इंडियंस ने नौ रन से हराया।

खास खबर

# मनु का शानदार प्रदर्शन अनीश पुरुष वर्ग में जीते



**नई दिल्ली।** मनु भाकर ने ओलंपिक चयन ट्रायल वन में महिलाओं के 25 मीटर पिस्टल क्वालीफिकेशन में शानदार प्रदर्शन करते हुए छह अंक से विश्व रिकॉर्ड तोड़ा जबकि अनीश भानवाला ने पुरुषों का 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल ट्रायल जीता। ओलंपियन मनु ने महिलाओं के 25 मीटर पिस्टल क्वालीफिकेशन में पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने पांच रैपिड फायर शॉट की दस सीरिज में 47 अंक बनाए। ईशा सिंह सातवीं सीरिज के बाद बाहर हो गई थी। ईशा अभी भी महिलाओं के 25 मीटर पिस्टल वर्ग में आगे हैं जिन्होंने क्वालीफाइंग में 585 अंक बनाए। मनु दूसरे स्थान पर है जबकि सिमरनप्रीत, अभिंध्या और रिदम सांगवान उनसे पीछे हैं। पुरुषों के रैपिड फायर पिस्टल में अनीश शीर्ष पर रहे जबकि विजयवीर सिद्धू उनसे छह अंक पीछे रहे।

## 60 घंटे शतरंज खेलने का बनाया रिकॉर्ड



**न्यूयार्क।** नाइजीरिया के शतरंज चैंपियन और अधिवक्ता टुंडे ओनाकोया ने गिनीज विश्व रिकॉर्ड तोड़ने के लिए न्यूयार्क के टाइम्स स्क्वायर में 60 घंटे तक लगातार शतरंज खेला। ओनाकोया (29 वर्ष) को बुधवार को शुरू हुए रिकॉर्ड प्रयास के जरिए पूरे अफ्रीका में बच्चों की शिक्षा के लिए 10 लाख डॉलर जुटाने की उम्मीद है। ओनाकाया एक बाल शिक्षा अधिवक्ता हैं, उन्होंने 58 घंटे तक शतरंज खेलने के लिए तैयारी की थी, लेकिन शनिवार सुबह करीब 12:40 बजे 60 घंटे तक शतरंज खेलते रहे। इस तरह उन्होंने 56 घंटे नौ मिनट और 37 सेकंड के मौजूदा शतरंज मैराथन रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया जो 2018 में नार्वे के हॉलवर्ड हॉग फ्लैटबो और सजुर फर्किंगस्टेड ने बनाया था।

## विश्व पैदल चाल टीम चैम्पियनशिप

# प्रियंका-अक्षदीप की जोड़ी का लक्ष्य अच्छा प्रदर्शन करना

भाषा ▶▶| अंताल्या (तुर्की)

शीर्ष भारतीय एथलीट प्रियंका गोस्वामी का लक्ष्य शानदार प्रदर्शन कर अक्षदीप सिंह के साथ मिलकर रविवार को होने वाली एक दिन की विश्व एथलेटिक्स पैदल चाल टीम चैम्पियनशिप में मिश्रित स्पर्धा में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करना है। अक्षदीप और प्रियंका पहले ही पुरुषों और महिलाओं की 20 किमी पैदल चाल स्पर्धा के क्वालीफाइंग मानकों को पूरा करने के बाद पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए व्यक्तिगत रूप से क्वालीफाई कर चुके हैं। इससे मिश्रित टीम स्पर्धा में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना सोने पर सुहागा होगा। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने पैदल चाल टीम चैम्पियनशिप के लिए 14 सदस्यीय मजबूत टीम की घोषणा की है। पेरिस ओलंपिक के लिए तीन महीने से भी कम समय बचा है तो अन्य खिलाड़ियों के लिए भी पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने का यह अच्छा मौका होगा। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी और 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 10,000 मीटर पैदल चाल की रजत पदक विजेता प्रियंका ने हाल ही में कुछ बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया है।

वह पिछले महीने चीन पैदल चाल ग्रां प्री में 20 किमी स्पर्धा में सातवें स्थान पर रही थी। इससे यहां उनके प्रदर्शन से पेरिस ओलंपिक की उनकी तैयारियों का अंदाजा होगा।

उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के 28 वर्षीय एथलीट मिश्रित स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करेंगी जिसे पहली बार ओलंपिक कार्यक्रम में शामिल किया गया है। इसमें खिलाड़ियों को 42.195 किमी की पूर्ण मैराथन दूरी तय करनी होगी। मिश्रित स्पर्धा में दूसरी भारतीय जोड़ी मुनिता प्रजापति और परमजीत सिंह हैं।

**टीम इस प्रकार है:-**

**पुरुष (20 किमी पैदल चाल)** राम बाबू, सूरज पंवार, सर्विन सेबेस्टियन, अर्शप्रीत सिंह, विकास सिंह।

**महिला (20 किमी पैदल चाल)** रमनदीप कौर, मोकावी मुथुराथिनम, पायल, पूजा कुमावत, मंजू रानी।

**मैराथन पैदल चाल मिश्रित रिले** परमजीत सिंह बिष्ट और मुनीता प्रजापति, अक्षदीप सिंह और प्रियंका गोस्वामी।

### रूड बार्सीलोना ओपन के फाइनल में

**बार्सीलोना।** कैस्पर रूड ने शनिवार को यहां बार्सीलोना ओपन में थॉमस मार्टिन ई को सीधे सेट में हराकर साल के अपने चौथे फाइनल में प्रवेश किया।

छठी रैंकिंग के नार्वे के इस खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में 7-6 (6), 6-4 से जीत हासिल की। रविवार को खिताब के लिए अब उनका सामना स्टेफानोस सिटसिपास और डुसान लाजोविच के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। रूड ने क्वार्टरफाइनल में मात्तेओ अर्नाल्डी को 6-4, 6-3 से हराकर सत्र में 27वीं जीत दर्ज की। वहीं सिटसिपास ने फाकुंडो डियाज को 4-6, 6-3, 7-6 से मात दी। शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज टूर्नामेंट में नहीं खेल रहे हैं जबकि दूसरी वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव दूसरे दौर में हार गए।

### राहुल, डिकॉक ने की विश्व स्तरीय बल्लेबाजी

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने कप्तान केएल राहुल और क्विंटोन डिकॉक की 'विश्व स्तरीय' बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए कहा कि पहले विकेट की शतकीय साझेदारी से उन्हें चेन्नई सुपर किंग्स के बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण पर दबाव बनाने में मदद मिली। जीत के लिए 177 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए राहुल (82) और डिकॉक (54) की पारियों के दम पर लखनऊ ने आठ विकेट से जीत दर्ज की। हेनरी ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'बल्लेबाजी की बात करें तो सलामी साझेदारी बेहतरीन रही। केएल और क्विंटोन ने मैच का रुख हमारी तरफ कर दिया।



### स्टटगार्ट ओपन...




*स्टटगार्ट। जर्मनी के स्टटगार्ट में पोर्श एरेना में पोर्श टेनिस ग्रां प्री स्टटगार्ट 2024 के छठे दिन शनिवार को सेमीफाइनल में कजाकिस्तान की एलेना रयबाकिना के खिलाफ पोलैंड की इगा स्विएटेक ने शानदार चुनौती पेश किया।*

### क्विंटल एआरआरसी में 11वें स्थान पर रहे

**नई दिल्ली।** होंडा रेसिंग इंडिया के केविन क्विंटल शनिवार को चीन में एफआईएम एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप (एआरआरसी) के दौरान दूसरे दौर की पहली रेस में 11वें स्थान पर रहे।



क्विंटल ने इस तरह होंडा टीम को पांच अंक दिलाये जबकि उनके साथी मोहसिन 20वें स्थान पर रहे। ग्रिड पर 15वें स्थान से शुरुआत करते हुए क्विंटल ने अंतिम लैप में तेजी पकड़ी और 19:03.094 सेकेंड के समय से 11वें स्थान पर रहे। मोहसिन ने 19:25.863 सेकेंड का समय लिया और 20वें स्थान पर रहे। लेकिन टीम के लिए कोई अंक नहीं जुटा सके।

## मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया

# डेविड और पोलार्ड पर सूर्या की मदद करने के लिए लगा जुर्माना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज टिम डेविड और बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड पर 18 अप्रैल को मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान इंडियन प्रीमियर लीग की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

यह जुर्माना मैच का एक वीडियो वायरल होने के कारण खड़े हुए विवाद के बाद लगाया गया है। इस वीडियो में दिख रहा था कि पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के सदस्य और सहयोगी स्टाफ कथित रूप से बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को रिव्यू लेने के लिए कह रहे थे जो आईपीएल की आचार संहिता के खिलाफ है। आईपीएल ने कहा, 'डेविड और पोलार्ड ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 के अंतर्गत लेवल एक का अपराध किया है। डेविड और पोलार्ड पर उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। दोनों ने उल्लंघन स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी द्वारा लगाया जुर्माना स्वीकार कर लिया है। आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का फैसला अंतिम और मान्य होता है।'



### जानता था कि नारायण टी 20 का महान क्रिकेटर बनेगा : गंभीर

**कोलकाता।** भारत के पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर ने सुनील नारायण को इंडियन प्रीमियर लीग का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बताते हुए कहा कि जब उसने 2011 में भारत के खिलाफ वनडे पदार्पण किया था तो उन्हें अंदाजा हो गया था कि वेस्टइंडीज का यह खिलाड़ी टी20 क्रिकेट का महान क्रिकेटर बनेगा। गंभीर ने 'केकेआर नाइट्स डगआउट पोडकास्ट' में कहा, 'मेंने सात या आठ गेंदों का ही सामना किया होगा और मुझे लगा कि यह खिलाड़ी खेल का महान क्रिकेटर बनेगा, विशेषकर टी20 क्रिकेट में। देखिए अब सुनील नारायण कहां हैं? शायद वह आईपीएल इतिहास का सबसे महान गेंदबाज है।'



**देश में जारी लोकसभा चुनाव के पहला चरण का मतदान हो चुका है। पहले चरण में 21 राज्यों की 102 संसदीय सीटों और अरुणाचल प्रदेश व सिक्किम विधानसभा के लिए वोटिंग हुई है। ये चुनाव ईवीएम से हुए हैं। इस दरम्यान जहां विपक्षी नेता ईवीएम से चुनाव को लेकर आरोप मढ़ रहे हैं, इस पर सवाल उठा रहे हैं, इस पर सियासत कर रहे हैं, वहीं इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई भी हो रही है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता जानेमाने वकील प्रशांत भूषण के भ्रमित तथ्यों के चलते उन्हें तीखे शब्द भी कहे हैं। कोर्ट ने अभी फैसला सुरक्षित रख लिया है। चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में दोहराया है कि ईवीएम सुरक्षित है, इसे हैक करना संभव नहीं है, इसमें किसी भी प्रकार से गड़बड़ी नहीं की जा सकती है। वर्ष 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने भी ईवीएम को सुरक्षित माना है। खास बात है कि ईवीएम को लेकर टीका-टिप्पणी विपक्ष में रहने वाले नेता ही करते रहे हैं। चूंकि ईवीएम स्टैंड अलोन मशीन है, जिसे हैक नहीं किया जा सकता है, इसलिए जब विपक्ष के नेता ईवीएम पर प्रश्न खड़ा करते हैं, तो इसमें सियासत दिखती है। पहले चरण के चुनाव व ईवीएम पर पेश है आजकल का यह अंक...**

अपने 45 साल के इतिहास में ईवीएम को शंकाओं, आलोचनाओं और आरोपों का सामना करना पड़ा है। ईवीएम का मतलब है इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन, साधारण बैटरी पर चलने वाली एक ऐसी मशीन, जो मतदान के दौरान डाले गए वोटों को दर्ज करती है और वोटों की गिनती भी करती है। ये मशीन तीन हिस्सों से बनी होती है। एक होती है कंट्रोल यूनिट (सीयू), दूसरी बैलेटिंग यूनिट (बीयू)। तीसरा हिस्सा होता है– वीवीपैट (वोटर वेरिफ़ायबल पेपर ऑडिट ट्रेल)। ईवीएम के साथ छेड़छाड़ नहीं किया जा सकता है, क्योंकि ईवीएम मशीन कंप्यूटर से कंट्रोल नहीं होती हैं, ये स्टैंड अलोन मशीन होती हैं जो इंटरनेट या किसी दूसरे नेटवर्क से कनेक्ट नहीं होती हैं, इसलिए ये हैकिंग से पूरी तरह सुरक्षित हैं। ईवीएम में डेटा के लिए फ्रीक्वेंसी रिसीवर या डिकोडर नहीं होता है, इसलिए किसी भी वायरलेस डिवाइस, वाई–फाई या ब्लूटूथ डिवाइस से इसमें छेड़छाड़ करना संभव नहीं है। 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने भी ईवीएम को चुनावों के लिए विश्वसनीय माना है।

# खामोश चुनाव, ईवीएम पर प्रलाप



**विश्लेषण**
सुशील राजेश
वरिष्ठ पत्रकार

**कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने दावा किया है कि यदि ईवीएम में गड़बड़ी नहीं की गई है, तो भाजपा को 180 से कम सीटें मिलेंगी। राहुल गांधी तो भाजपा के हिस्से 150 सीट मान कर बहुत खुश हैं। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' मुग़ालते में है कि ईवीएम के जरिए जो मतदान होगा, उससे जनादेश उन्हें ही मिलने वाला है। तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और पंजाब आदि राज्यों में गैर-भाजपा दलों की आज भी सरकारें हैं, जो ईवीएम के जरिए ही बनी हैं। एक बार फिर यह मामला सर्वोच्च अदालत के विचाराधीन है। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा है। सवाल यह है कि विपक्ष इतना दोहरा क्यों है? वह संवैधानिक व्यवस्थाओं के ही खिलाफ क्यों सक्रिय है?**

आम चुनाव के लिए प्रथम चरण का मतदान हो चुका है। देश के 21 राज्यों और संघशासित क्षेत्रों की 102 लोकसभा सीटों पर जनादेश का एक हिस्सा उन ईवीएम में दर्ज हो चुका है, जिन पर अधिकतर विपक्षी दल प्रलाप कर रहे हैं। वे दल चुनावी दौड़ में भी शामिल हैं, उनके सांसद और विधायक चुने जाने हैं, लेकिन वे ईवीएम पर अब भी संदेह कर रहे हैं। कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने यहां तक दावा किया है कि यदि ईवीएम में गड़बड़ी नहीं की गई है, तो भाजपा को 180 से कम सीटें मिलेंगी। राहुल गांधी तो भाजपा के हिस्से 150 सीट मान कर बहुत खुश हैं। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' मुग़ालते में है कि ईवीएम के जरिए ही जो मतदान होगा, उससे जनादेश उन्हें ही मिलने वाला है। तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और पंजाब आदि राज्यों में गैर-भाजपा दलों की आज भी सरकारें हैं, जो ईवीएम के जरिए ही बनी हैं। चुनावी पराजय से पूर्व राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में भी 2018 में कांग्रेस सत्तारूढ़ हुई थी। तब भी मतदान ईवीएम के जरिए ही हुआ था। एक बार फिर यह मामला सर्वोच्च अदालत के विचाराधीन है। दो न्यायाधीशों की खंडपीठ ने सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा है, लेकिन शीर्ष अदालत चाहती है कि चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की गरिमा और ईमानदारी बरकरार रहे, लिहाजा उसने फटकार भी लगाई है और वकीलों के डाटा पर सवाल भी किए हैं। दरअसल सवाल यह है कि विपक्ष इतना दोहरा क्यों है? वह संवैधानिक व्यवस्थाओं के ही खिलाफ क्यों सक्रिय है? ईवीएम का इस्तेमाल छोड़ कर मतपत्रों वाले मतदान के पाषाणकाल की ओर वह क्यों लौटना चाहता है? हालांकि बूथ छापने, लूटने और फर्जी मतदान के उस दौर को सर्वोच्च अदालत खारिज कर चुकी है।

## कांग्रेस ने की थी ईवीएम की शुरूआत

ईवीएम की शुरुआत कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के ही दौरान हुई थी। 2004 के उस दौर से लेकर आज तक करीब 340 करोड़ मतदाता अपने संवैधानिक मताधिकार का इस्तेमाल कर चुके हैं और 4 लोकसभा चुनाव ईवीएम के जरिए सम्पन्न कराए जा चुके हैं। 26 विधानसभा चुनावों और एक लोकसभा चुनाव में करोड़ों मतदाता वीवीपैट पर्ची का भी इस्तेमाल कर चुके हैं। एक आम चुनाव में 55 लाख से अधिक ईवीएम का इस्तेमाल किया जाता है और करीब 1.5 करोड़ चुनावकर्मी मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लेते हैं। सभी एक विशेष पार्टी के पक्षधर हो जाएं या ईवीएम का प्रोग्राम एक ही पार्टी के पक्ष में तय कर दिया जाए और इतने चुनावकर्मी एक साथ 'भ्रष्ट' हो जाएं, यह बिल्कुल भी संभव नहीं है। ईवीएम किसी लैपटॉप, कम्प्यूटर अथवा इंटरनेट नेटवर्क से जुड़ी हुई नहीं है, उसे हैक करना या छेड़छाड़ करना भी संभव नहीं है, अलबत्ता



मशीन में तकनीकी खराबी जरूर आ सकती है। उस स्थिति में ईवीएम बदलने की पारदर्शी व्यवस्था है। चुनाव आयोग ने अदालत में अपना समूचा पक्ष रखा है। वीवीपैट पर्ची और वोटिंग के आपसी मिलान पर भी स्पष्टीकरण दिया है। मतदान के बाद पर्ची 7 सेकंड के लिए दिखती है। उसके बाद पर्ची मशीन में ही चली जाती है। न्यायिक पीठ को बताया गया कि पर्ची को मतदाता को देना ज़ोख़िम का काम है। इससे गोपनीयता भंग हो सकती है और बाहर निकालने पर पर्ची का दुरुपयोग भी किया जा सकता है। याचिकाकर्ता एडीआर ने मतदान और पर्ची की 100 फीसदी क्रॉस चेकिंग की मांग की है। अब चुनाव की निष्पक्षता, ईमानदारी बरकरार रहे, मतदाताओं के ज़ेहन में लेशमात्र भी संदेह नहीं होना चाहिए और आयोग की संवैधानिक स्वायत्तता भी बनी रहे, उस संदर्भ में अदालत को निर्णय देना है। ईवीएम को लेकर अक्सर प्रलाप मचाया जाता रहा है और चुनाव आयोग को भी कटघरे में खड़ा किया जाता रहा है, यह प्रवृत्ति दुराग्रहपूर्ण है।

## ईवीएम की विश्वसनीयता कायम

चुनाव आयोग ने ईवीएम को हैक करने या उसके सिस्टम से छेड़छाड़ करने के मद्देनजर सभी प्रमुख राजनीतिक दलों को आमंत्रित किया था, कुछ दल गए भी, लेकिन कोई भी आपत्ति नहीं उठा सका या गड़बड़ी को साबित नहीं कर सका। अपने पक्ष के विजयी जनादेशों को विपक्ष शानदार हुंकार के साथ स्वीकार भी करता रहा। क्या एक संवैधानिक व्यवस्था ऐसे काम कर सकती है? न्यायिक पीठ के सामने चुनाव आयोग ने खुलासा किया है कि 4 करोड़ ईवीएम वोट और वीवीपैट पर्चियों के अभी तक मिलान कराए जा चुके हैं, जिनमें एक भी मामला मिसमैच नहीं पाया गया है। सर्वोच्च अदालत 2019 में भी इसी मामले पर फैसला दे चुकी है, लेकिन इस बार आम चुनाव शुरू हो चुके हैं और विपक्ष का बेहद गंभीर आरोप है कि ईवीएम को सैट किया जा सकता है। नतीजतन किसी भी पक्ष को वोट डाला जाए, वह भाजपा के 'कमल' के पक्ष में ही जाएगा। यदि ऐसा ही है, तो देश के विभिन्न राज्यों में विपक्ष की सरकारें क्यों हैं? लोकसभा में विपक्ष के करीब 100 सांसद कैसे चुने गए थे? दरअसल ये अनर्गल आरोप हैं। लोकतंत्र का मतलब निरंकुशता नहीं होता। बहरहाल अदालत के फैसले की प्रतीक्षा करें और इसे प्रलाप का मुद्दा न बनाएं, क्योंकि इससे राष्ट्रीय छवि और प्रतिष्ठा जुड़ी हैं। भारत में सिर्फ दो कंपनियां ही ईवीएम बनाती हैं। उन्हें भी यह जानकारी नहीं होती कि मशीन को भाजपा के पक्ष में सैट किया गया है अथवा कांग्रेस-वामदलों के पक्ष में प्रोग्राम तय किया गया है। तकनीकी संरचना मैं भी नहीं जानता हूं, लेकिन इतना विश्वास है कि चुनाव को लेकर चुनाव आयोग देश के 97 करोड़ मतदाताओं के साथ छल नहीं कर सकता। मतदाता के संवैधानिक मताधिकार का हरण नहीं किया जा सकता। ईवीएम की अंतरराष्ट्रीय ख्याति ऐसी है कि कई देश अपने यहां चुनाव के लिए भारत के निर्वाचन आयोग को आमंत्रित करते हैं। आज भारतीय ईवीएम की विश्वसनीयता की साख बन चुकी है।

## मतदान उत्साहजनक

प्रथम चरण का मतदान कई मायनों में अप्रत्याशित रहा है। कुल मतदान शुक्रवार की रात्रि 11 बजे तक करीब 64 फीसदी रहा। यह 2019 की तुलना में करीब 2 फीसदी कम रहा। बिहार में सबसे कम 48.8 फीसदी मतदाता पोलिंग स्टेशन तक गए। सबसे अधिक मतदान त्रिपुरा में 81.5 फीसदी और सिक्किम में 80 फीसदी किया गया। उत्तराखंड, उप्र, राजस्थान और मिज़ोरम आदि राज्यों में अपेक्षाकृत कम मतदान हुआ। इनसे भाजपा के 370 और 400 पार वाले लक्ष्यों को ठेस पहुंच सकती है, क्योंकि भाजपा उत्तरी भारत में ही शानदार जनादेश के भरोसे है। दक्षिण, पूर्व, पश्चिम में सब कुछ अनिश्चित है। हालांकि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में करीब 70 फीसदी मतदान हुआ है। बंगाल की जलपाईगुड़ी सीट पर भी 79 फीसदी से अधिक मतदान हुआ है। बंगाल में औसत मतदान भी सकारात्मक रहा है। पूर्वोत्तर में दो विरोधाभास उभर कर सामने आए हैं। मणिपुर में हिंसा के बावजूद 70.8 फीसदी लोगों ने मताधिकार का इस्तेमाल किया, लेकिन टूटी ईवीएम, लुटे बूथ, फटी वीवीपैट पर्चियों के चित्र मणिपुर में ही देखे गए हैं, जिनसे मतदान के दौरान हालात के अनुमान लगाए जा सकते हैं। पूर्वोत्तर में ही नगालैंड राज्य में 4 लाख मतदाताओं से अधिक, राज्य के करीब 30 फीसदी वोटरों ने, 6 जिलों की 20 विधानसभा सीटों पर, बहिष्कार के कारण एक भी वोट नहीं डाला। वे अधिक स्वायत्तता वाले अलग क्षेत्र की मांग करते रहे हैं और केंद्र सरकार फिलहाल उसमें नाकाम रही है, लिहाजा उन्होंने चुनाव के बहिष्कार का आह्वान किया था। जम्मू-कश्मीर में 65 फीसदी से अधिक मतदान एक उम्मीद जगाता है कि लोगों ने भारतीय लोकतंत्र और संविधान के प्रति विश्वास जताया है।

## वोटिंग से विमुख क्यों

समग्रता में देखें, तो आम चुनाव के प्रथम चरण में 16 करोड़ से अधिक मतदाताओं को मताधिकार का इस्तेमाल करना था, लेकिन 6.12 करोड़ भारतीयों ने वोट ही नहीं डाले। यह चुनाव के प्रति उदासीनता है या मतदाताओं को चुनाव दिशाहीन, अर्थहीन लगते हैं? यह सोच लोकतंत्र और संविधान के खिलाफ भी है। जितना मतदान किया गया है, वह न तो सरकार के खिलाफ माना जा सकता है और न ही विपक्ष को चुनने के प्रति उत्साही और उत्सुक लगता है। यानी प्रधानमंत्री मोदी के पक्ष या विरोध में कोई 'चुनावी लहर' महसूस नहीं हुई। ऐसा लगता है मानो औसत मतदाता ने यह धारणा बना ली है कि मोदी को ही आना है! यह सोच कर ही मतदाता पोलिंग स्टेशन से तटस्थ रहा है। कुछ मुस्लिम बहुल इलाकों की ख़बरें सामने आई हैं कि उन्होंने भी मोदी को ही तीसरी बार प्रधानमंत्री मान लिया है, लिहाजा न तो कोई ध्रुवीकरण दिखाई दिया और न ही मतदान करना मुनासिब समझा। यह भी मतदान और संवैधानिक अधिकार को लेकर नकारात्मक सोच है। मैंने मतदान के इस चरण को 'खामोश और भ्रमित चुनाव' माना है। अभी तो मतदान के छह और चरण शेष हैं। गर्मी का मौसम भी ज्यादा गर्म और लू वाला होना है। कई जगह मई में ही बारिश की शुरुआत हो सकती है, लिहाजा मौसम के कारण इतना मतदाता घर से न निकले, समझ में नहीं आता। चूंकि इस बार पूरा चुनाव प्रधानमंत्री मोदी पर ही केंद्रित है, लिहाजा मतदाताओं की कुछ उदासीनता दिख सकती है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिख कर मतदाताओं को 'शुक्रिया' कहा है। प्रधानमंत्री का फीडबैक शानदार रहा है, क्योंकि लोगों ने रिकॉर्ड संख्या में एनडीए को वोट दिए हैं। बहरहाल मैं इसके पक्ष में नहीं हूं। सत्ता-पक्ष मतदान के बाद ऐसे ही बयान देता रहा है। मतदान किसके पक्ष में है इसका पता तो चार जून को ही लगेगा। लेकिन वोटरों को खुलकर अपने मतों का प्रयोग करना चाहिए, लोकतंत्र को सब मजबूत करें।

# ईवीएम पर संदेह की सियासत बंद हो



**मुद्दा**
डॉ. आशीष वशिष्ठ
राजनीतिक विश्लेषक

मोदी विरोधी मोर्चे के नेता आजकल एक और कैंपेन कर रहे हैं। वो कह रहे हैं कि मोदी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन यानी ईवीएम की वजह से जीतते हैं। वैसे ईवीएम को गलत ठहराने वाला राग तो पुराना है। बीती 17 अप्रैल को कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में चुनाव प्रचार करते हुए दावा किया कि अगर ईवीएम से छेड़छाड़ न हो तो भाजपा 180 सीटों पर सिमट जाएगी। जो राजनीतिक दल और नेता पिछले पांच साल तक जमीन पर उतरे नहीं, आज जब उन्हें अपनी हार साफ तौर पर दिख रही है तो उन्होंने ईवीएम की हार में पेशबंदी शुरू कर दी है। आखिरकार अपनी गलतियों, कमियां और कमजोरियों का ठीकरा किसी के सिर तो फोड़ना ही है, ऐसे में बेजुबान ईवीएम से बेहतर विकल्प दूसरा नहीं हो सकता।

## विपक्ष की सरकारें भी ईवीएम से

आम चुनाव के पहली चरण में 102 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान हो चुका है। करोड़ों देशवासियों ने उन्हीं ईवीएम का बटन दबाकर अपना वोट दिया है, जिन पर अधिकतर विपक्षी दल प्रलाप कर रहे हैं। वे दल चुनावी दौड़ में शामिल हैं, उनके सांसद और विधायक चुने जाने हैं, लेकिन वे ईवीएम पर अब भी संदेह कर रहे हैं। ईवीएम की शुरुआत कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के ही कार्यकाल में हुई थी। इसी ईवीएम के दम पर आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में तीन बार और पंजाब में एक बार चुनाव जीता, 2012 में समाजवादी पार्टी को उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत मिला, बहुजन समाज पार्टी को 2007 में उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत मिला और कांग्रेस ने 2023 में तेलंगाना जीता। वर्तमान में तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना और पंजाब आदि राज्यों में गैर-भाजपा दलों की सरकारें हैं, जो ईवीएम के जरिए ही सत्तासीन हुई हैं।

## ईवीएम हैक संभव नहीं

ईवीएम को लेकर अक्सर होहल्ला मचाया जाता रहा है और चुनाव आयोग को भी कटघरे में खड़ा किया जाता रहा है, यह प्रवृत्ति दुराग्रह पूर्ण है। चुनाव आयोग ने कई बार दोहराया है कि ईवीएम को हैक नहीं किया जा सकता है, इसके सिस्टम से छेड़छाड़ करना संभव नहीं है, यह फुलप्रूफ मशीन है। एक बार फिर यह मामला सर्वोच्च न्यायालय के विचाराधीन है। दो न्यायाधीशों की खंडपीठ ने निर्णय सुरक्षित रखा है।

## हारने पर ही विरोध क्यों

2009 के आम चुनावों में जब बीजेपी के नेता ईवीएम पर सवाल उठा रहे थे, ठीक उसी वक्त ओडिशा कांग्रेस के नेता जेबी पटनायक ने भी राज्य विधानसभा में बीजू जनता दल की जीत की वजह ईवीएम को ठहराया था। 2014 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी की जीत के बाद कांग्रेस के नेता और असम के मुख्यमंत्री तरुण गोगोई ने भी ईवीएम पर सवाल उठाए थे और कहा था कि बीजेपी की जीत की वजह ईवीएम है। ऐसे में ये कहा जा सकता है कि भारत में जब तक



पार्टियां चुनाव नहीं हारने लगतीं तब तक उन्हें ईवीएम मशीन से कोई शिकायत नहीं होती। मौजूदा समय में भारत का प्रत्येक राजनीतिक दल कभी ना कभी ईवीएम का विरोध कर चुका है। ऐसे में संसद की संयुक्त संसदीय समिति को ईवीएम के इस्तेमाल की जांच करनी चाहिए।

## आयोग की स्वायत्तता बनी रहे

चुनाव आयोग ने न्यायिक पीठ को बताया गया कि पर्ची को मतदाता को देना जोखिम का काम है। इससे गोपनीयता भंग हो सकती है और बाहर निकालने पर पर्ची का दुरुपयोग भी किया जा सकता है। याचिकाकर्ता एडीआर ने मतदान और पर्ची की 100 फीसदी क्रॉस चेकिंग की मांग की है। न्यायिक पीठ के सामने चुनाव आयोग ने खुलासा किया कि 4 करोड़ ईवीएम वोट और वीवीपैट पर्चियों के मिलान कराए गए हैं। बहरहाल अदालती फैसले की प्रतीक्षा है। अब चुनाव की निष्पक्षता, ईमानदारी बरकरार रहे, मतदाताओं के जेहन में लेशमात्र भी संदेह नहीं होना चाहिए और आयोग की संवैधानिक स्वायत्तता भी बनी रहे, उस संदर्भ में अदालत को निर्णय देना है।

## बैलेट पेपर युक्तिसंगत नहीं

वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल यानी वीवीपैट से निकलने वाली सभी पर्चियों का मिलान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से पड़े वोटों के साथ कराने की मांग वाली याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की बेंच ने एडीआर की याचिका पर सुनवाई के दौरान 1960 के दशक में बैलेट पेपर से चुनाव के दौर को याद किया और कहा कि देश में फिलहाल मतदाताओं की संख्या 96 करोड़ से अधिक है। ऐसे में बैलेट पेपर या वीवीपैट की 100 फीसदी गिनती की व्यवस्था से चुनाव कराना बहुत चुनौती वाला काम होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, कि हम सभी जानते हैं कि जब बैलेट पेपर थे तो क्या होता था। आप जानते होंगे, लेकिन हम भूले नहीं हैं। वैसे बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाने की स्थिति में भारत की चुनावी प्रक्रिया लंबी भी होगी और खर्च भी बढ़ेगा।

## विपक्ष के वादों पर भरोसा नहीं

सच्चाई यह है कि देश की जनता ने जातिवाद, वंशवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति के लिए विपक्षी दलों को खारिज कर दिया है और देश के लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा किसी भी नेता पर भरोसा नहीं है। आज विपक्ष के ज्यादातर नेता भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे हैं। पिछले दस सालों में मोदी सरकार ने जो विकास और कल्याण के कार्य किये हैं, उससे देश की जनता का भरोसा मोदी सरकार पर पहले से ज्यादा बढ़ा है। आज मोदी की गारंटी के सामने विपक्ष की सारी गारंटियां और वादे कोरी जुमलेबाजी लगते हैं। देश की जनता विपक्ष के वादों पर भरोसा नहीं करती, जिसके चलते विपक्ष लगातार सत्ता से बेदखल है।

## ईवीएम पर भ्रम न फैलाए विपक्ष

इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले भ्रष्ट और परिवारवादी दलों और नेताओं के दिन भारतीय राजनीति में लद चुके हैं। जनता अब यह समझने लगी है कि कौन उनका सच्चा हितेषी और हमदर्द है। कौन उनका विकास और कल्याण कर सकता है। देश की जनता समझने लगी है कि कौन सकारात्मक राजनीति कर रहा है और कौन डर, भय और भ्रम के जरिये जनादेश पाना चाहता है। किसने उन्हें उनका हक दिया है। ऐसे में बेहतर होगा विपक्ष ईवीएम पर संदेह करने और जनता में भ्रम फैलाने की बजाय अपने आचरण को सुधारे।

# व्यवस्था संचालन के सूत्रधार लोक सेवक



**सिविल सेवा दिवस**
डॉ. आलोक शुक्ला
पूर्व आईएएस अधिकारी

राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस प्रतिवर्ष 21 अप्रैल को मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य सिविल सेवकों द्वारा आम लोगों के हित के लिए स्वयं को समर्पित करना और फिर से प्रतिबद्धता व्यक्त करना है। यह दिन सिविल सेवकों को नई चुनौतियों से निपटने के लिए आत्मनिरीक्षण और भविष्य की रणनीतियों के बारे में सोचने का अवसर प्रदान करता है। 21 अप्रैल, 1947 को स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को दिल्ली के मेटकॉफ हाउस में संबोधित किया था। यह दिन इसी की याद में मनाया जाता है।

इस अवसर पर, प्रधानमंत्री जी के हाथों 'लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार' प्रदान किये जाते हैं। यह पुरस्कार वर्ष 2006 में स्थापित किये गये थे। ये पुरस्कार तीन श्रेणियों में दिये जाते हैं। पहली श्रेणी व्यक्तिगत पुरस्कार की है, दूसरी श्रेणी दल के रूप में काम करने के लिये है और तीसरी श्रेणी संगठन की है। पुरस्कार में एक पदक, एक स्क्रॉल और एक लाख रुपये की कर मुक्त नकद राशि शामिल है। मुझे यह बताते हुये खुशी है इस लेखक को भी छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली और धान खरीदी का उत्कृष्ट सिस्टम विकसित करने के लिये दल पहल के रूप में यह पुरस्कार अपने 2 अन्य साथियों गौरव द्विवेदी और सोमसेखर के साथ वर्ष 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के हाथों से मिला था। भारत की सिविल सेवाओं में अखिल भारतीय सेवाएं, केन्द सरकार की सेवाएं और राज्य सरकारों की सेवाएं शामिल हैं।

अखिल भारतीय सेवाओं तथा केन्द्रीय सिविल सेवाओं के लिये चयन संघ लोक सेवा आयोग के माध्यम से होता है राज्यों की सिविल सेवाओं के वरिष्ठ पदों पर चयन राज्यों के लोक सेवा आयोगों द्वारा किया जाता है। भारत के संविधान में सिविल सेवकों को निष्पक्षता बनाये रखने के लिये अनुच्छेद 309, 310 तथा 311 के प्रावधानों के तहत सुरक्षा प्रदान की गई है। सिविल सेवक देश की स्थाई कार्यपालिका हैं। वे चुने हुये जनप्रतिनिधियों के अधीन कार्य करते हैं। देश के नीति निर्धारण और योजनाओं के क्रियान्वयन में उनका बहुत बड़ा रोल होता है।

भारत में सिविल सेवा की आधारशिला ब्रिटिश समय में रखी गई थी। इसे गवर्नर जनरल वारेन हेस्टिंग्स ने प्रारंभ किया और बाद में कार्नवालिस ने इसमें अनेक सुधार किये। कॉर्नवालिस ने भारतीय सिविल सेवा के दो भागों में बांटा। पहला था अनुबंधित सिविल सेवक और दूसरा बिना अनुबंध वाले सिविल सेवक। अनुबंधित सिविल सेवक केवल यूरोपियन ही होते थे, जबकि दूसरे प्रकार के सिविल सेवक, जो कनिष्ठ पदों पर कार्य करते थे, उनमें भारतीयों की नियुक्ति भी की जाती थी। भारत सरकार अधिनियम 1919 में, भारत की इंपीरियल सिविल सेवा को दो भागों में बांट दिया गया। पहली, अखिल भारतीय सेवाएँ और दूसरी, केंद्रीय सेवाएँ। यह सिविल सेवाएं सेक्रेटरी ऑफ स्टेट फॉर इंडिया के अधीन थीं। अखिल भारतीय और केंद्रीय सेवाओं (समूह ए)



को 1924 में केंद्रीय सुपीरियर सेवाओं का नाम दिया गया। 1924 से 1934 तक, भारत में 10 अखिल भारतीय सेवाएँ थीं और 5 केंद्रीय विभाग थे जो सभी सेक्रेटरी ऑफ स्टेट फॉर इंडिया के नियंत्रण में थे। इसके अतिरिक्त 3 और केंद्रीय विभाग थे, जो प्रांतीय और केन्द्रीय दोनों के संयुक्त नियंत्रण में थे। प्रारंभ में अनुबंधित सिविल सेवक में कंपनी के डायरेक्टरों द्वारा अपनी मर्जी से भर्ती की जाती थी। वे केवल योरोपियन लोगों की भर्ती करते थे। वर्ष 1954 में लंदन में सिविल सर्विस कमीशन का गठन किया गया। वर्ष 1864 में सिविल सर्विस परीक्षा पास करने वाले पहले भारतीय सत्येन्द्र नाथ टैगोर थे, जो रवीन्द्रनाथ टैगोर के भाई थे। 1867 तक 4 अन्य भारतीयों का सिलेक्शन भी हुआ। 1883 तक भारत की सिविल सर्विस में भारतीयों की संख्या केवल 12 थी, जो 1915 तक बढ़कर केवल 63 हो गई। 1920 की परीक्षा में सुभाष चंद्र बोस को चौथी रैंक मिली, उन्होंने देश के लिये काम करना बेहतर समझा और सिविल सर्विस से इस्तीफा दे दिया।

1922 से सिविल सर्विस परीक्षा भारत के भीतर इलाहाबाद में ली जाने लगी। बाद में दिल्ली में भी एक परीक्षा केन्द्र बनाया गया। इसे इंडियन सिविल सर्विस कहा जाता था, परन्तु इसके अधिकांश सदस्य न तो भारतीय थे, न भारतीयों के प्रति सिविल थे और न ही उनमें कोई सेवा भावना थी। उनका उद्देश्य केवल भारत में ब्रिटिश साम्राज्य को कायम रखना था। स्वतंत्रता प्राप्ति के ठीक पहले अविभाजित भारत में 980 सिविल सेवा अधिकारी थे, जिनमें से 468 योरोपियन थे।

संविधान सभा में सरदार वल्लभ भाई पटेल ने कहा था कि वर्तमान प्रशासनिक प्रणाली का कोई विकल्प नहीं है। अच्छी अखिल भारतीय सेवाओं के बिना भारत को एकजुट रखना संभव नहीं है। उन्होंने भारत की सिविल सेवाओं को स्टीली फ्रेम ऑफ इंडियन एडमिनिस्ट्रेशन कहा था। भारत में इंपीरियल सिविल सेवा के स्थान पर भाारतीय प्रासनिक सेवा का गठन 1947 में स्वतंत्रता पाप्ति के बाद किया गया। सत्यनिष्ठा, निष्पक्षता और योग्यता के मूल्य भारतीय सिविल सेवाओं के मार्गदर्शक सिद्धांत हैं।

नई दिल्ली में स्थित कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, सिविल सेवा का नियंत्रण करता है। यह मंत्रालय भारत में सिविल सेवा प्रणाली के लिए प्रशिक्षण, सुधार और पेंशन के लिए जिम्मेदार है। संविधान के अनुच्छेद 312 (13) के तहत राज्यसभा को दो-तिहाई बहुमत से नई अखिल भारतीय सेवाएं स्थापित करने का अधिकार है। वर्तमान में तीन अखिल भारतीय सेवाएं हैं - भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा और भारतीय वन सेवा। भारत में सर्वोच्च सिविल सेवक कैबिनेट सचिव होता है। वह सिविल सेवा बोर्ड का पदेन अध्यक्ष भी है। भारत में प्रोटोकॉल के वरीयता क्रम में कैबिनेट सचिव 11वें स्थान पर हैं। राज्य स्तर पर सिविल सेवा का प्रमुख, मुख्य सचिव होता है। उनकी यह जिम्मेदारी है कि सिविल सेवक प्रशिक्षित और सक्षम हों और निष्पक्ष वातावरण में काम करें।

देश में नीति निर्माण से लेकर योजनाओं के क्रियान्वयन तक में सिविल सेवाओं का बहुत बड़ा योगदान है। चाहे कोविड-19 की महामारी से निपटना हो, या देश में आने वाली बाढ़ या सुनामी, तूफान या सूखा जैसी प्राकृतिक आपदायें हों, देश के सिविल सेवक अपने प्राणों की परवाह किये बिना अपनी ड्यूटी में लगे रहते हैं।

देश में चुनाव कराने का जिम्मा भी सिविल सेवकों पर ही है। गरीबी हटाओं के कार्यक्रम हों, या औद्योगिक उत्पादन को बढ़ाना, कृषि के क्षेत्र में हरित क्रांति के लिए गांव-गांव में काम करना हो या घर-घर बिजली-पानी पहुंचाने के लक्ष्य की पूर्ति करना हो, सारे ही काम सिविल सेवाओं द्वारा किये जाते हैं। देश में हर बच्चे का टीकाकरण कराने से लेकर, हर क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखने की जिम्मेदारी भी सिविल सेवकों पर ही है। भूमि के रिकार्डों का संधारण से लेकर देश की सुचारू व्यवस्था के संचालन के लिए हमारी सिविल सेवाएं रात दिन काम में लगी रहती हैं।

- अगले 3-4 दिन हालात ऐसे ही रहेंगे 17 राज्यों में झमाझम के आसार
- आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु पुडुचेरी में तेज गर्मी का पड़ेगी
- 50 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलेंगी हवाएं
- 17 शहरों का तापमान दोपहर के समय 43 डिग्री से ज्यादा

# महाराष्ट्र, छग समेत 12 राज्यों में हीटवेव, तापमान 43 डिग्री पार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मप्र समेत देश के 12 राज्यों में हीटवेव (लू) चलेगी। इनमें बिहार, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, ओडिशा, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, झारखंड, गुजरात और तमिलनाडु शामिल हैं। यहां हीटवेव की स्थिति 3 से 4 दिनों तक जारी रहेगी। मौसम विभाग ने 17 राज्य में बारिश का अनुमान भी लगाया है। इनमें जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कर्नाटक शामिल हैं।

### 21 अप्रैल: मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ में बिजली गिरने का अनुमान

- मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, ओडिशा, झारखंड में तेज हवाओं के साथ बिजली गिरने का अलर्ट है।
- ओडिशा, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में 50 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी।
- पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और ओडिशा में हीटवेव चलेगी। आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, पुडुचेरी में तेज गर्मी पड़ेगी। असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में तेज बारिश होगी।

### 22 अप्रैल: पश्चिम बंगाल ओडिशा में हीटवेव का अलर्ट

- ओडिशा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, असम में बिजली गिरने और धूलभरी आंधी का अनुमान है।
- अरुणाचल प्रदेश में तेज बारिश का अनुमान है। पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और ओडिशा में हीटवेव चलेगी। केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, पुडुचेरी में तेज गर्मी का पड़ेगी।

### 23 अप्रैल: छत्तीसगढ़ में धूलभरी आंधी, बिहार में हीटवेव

- छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, सिक्किम, असम, मेघालय और तेलंगाना में धूलभरी आंधी चलेगी। हिमाचल प्रदेश, ओडिशा, झारखंड, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और आंध्र प्रदेश में बिजली गिरने का अनुमान है। अरुणाचल प्रदेश में तेज बारिश होगी। नॉर्थ ईस्ट के अन्य राज्यों में भी बारिश हो सकती है। पश्चिम बंगाल और बिहार में हीटवेव चलेगी। आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और पुडुचेरी में तेज गर्मी का दौर जारी रहेगा।

### राज्यों के मौसम का यह रहेगा हाल

- **बिहार:** 13 जिलों में लू का यलो अलर्ट, यहां अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।
- **झारखंड:** राज्य के 13 जिले हीट वेव की चपेट में हैं। यहां का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार हो गया है।
- **छत्तीसगढ़:** रायपुर-दुर्ग संभाग में लू का अलर्ट, 6 जिलों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री पार

### 23 राज्यों में अच्छी बारिश

मौसम विभाग का अनुमान- मानसून सामान्य से बेहतर रहेगा, राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत 20 राज्यों में अच्छी बारिश होगी। भारतीय मौसम विभाग ने बताया कि इस बार जून से सितंबर तक मानसून सामान्य से बेहतर रहेगा। मौसम विभाग 104 से 110 फीसदी के बीच बारिश को सामान्य से बेहतर मानता है। यह फसलों के लिए अच्छा संकेत है। 2024 में 106% यानी 87 सेंटीमीटर बारिश हो सकती है। 4 महीने के मानसून सीजन के लिए लॉन्ग पीरियड एवरेज (एलपीए) 868.6 मिलीमीटर यानी 86.86 सेंटीमीटर होता है। वहीं वेदर एजेंसी स्काईमेट इस साल राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत 23 राज्यों में अच्छी बारिश होने का अनुमान जता रहा है। इस बार मानसून सामान्य रहेगा। यानी जून से सितंबर तक 4 महीने में औसत या सामान्य बारिश होगी।

### लू से बचने स्वास्थ्य मंत्रालय की सलाह

लू से बचने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से गाइडलाइंस जारी की गई है, जिसे आप जरूर फॉलो करें। पूरे दिन नियमित रूप से पानी पीकर हाइड्रेटेड रहें। गर्मी से बचने के लिए सांस लेने योग्य, हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें। बाहर निकलते समय धूप का चश्मा, छाता या टोपी और उसके उपयुक्त जूते पहनकर रखें। अधिक प्रोटीन वाले भोजन से दूर रहें और बासी भोजन का सेवन करने से बचें। शराब, चाय, कॉफी और सोडा जैसे पेय प्रदार्थों को पीने से बचें।

## हमले के पीछे इजराइल के होने के सबूत नहीं मिले, दोनों में जुबानी जंग छिड़ी

# ईरान की खुली धमकी: बोला- जांच में कुछ मिला तो छोड़ेंगे नहीं, इजराइल ने साधी चुप्पी

**अमेरिका भी किसी हमले में शामिल होने से पहले ही कर चुका है इनकार**

*ईरानी अधिकारियों का कहना है कि हवाई सुरक्षा सिस्टम ने तीन ड्रोन्स को निशाना बनाया था, जिससे धमाके की आवाज सुनी गई। ईरान अधिकारियों का कहना है कि कुछ उग्रवादियों ने ये ड्रोन्स उड़ाए हो सकते हैं।*

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि ईरान पर हुए हमले की जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि अभी तक इस हमले के पीछे इजराइल का हाथ होने के सबूत नहीं मिले हैं। ईरानी विदेश मंत्री ने धमकी देते हुए कहा कि अगर इजराइल ने ईरान पर हमले की कोशिश की, तो ईरान तुरंत और मुंहतोड़ जवाब देगा। वहीं इजराइल की तरफ से इस बारे में कोई बयान नहीं दिया गया है।

**खास बातें**

ईरान के भीतर से ही कुछ ड्रोन्स उड़े थे, जिन्हें कुछ मीटर उड़ान भरने के बाद ही मार गिराया था

गत दिवस पर ईरान पर हुआ था जोरदार हमला, ईरान जुटा रहा सबूत



### ईरान में धमाकों की आवाज

*ईरान के विदेश मंत्री हुसैन ने बताया कि ईरान के भीतर से ही कुछ ड्रोन्स उड़े थे, जिन्हें कुछ मीटर उड़ान भरने के बाद ही मार गिराया गया था। अमीराब्दोल्लाहियन ने कहा कि वो ड्रोन्स बच्चों के खिलौनों जैसे थे, जिनसे हमारे बच्चे खेलते हैं।*

**ईरान की इजराइल को धमकी**

ईरान के विदेश मंत्री ने इजराइल को धमकी देते हुए कहा कि अगर इजराइल फिर से कोई गड़बड़ी करता है तो हम उसका मुंहतोड़ जवाब देंगे। ईरान के किसी ठिकाने पर हमले की कोई जानकारी नहीं है।

**कुछ उग्रवादियों द्वारा ये ड्रोन्स उड़ाने की आशंका**

ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि इस हमले के पीछे इजराइल के सबूत नहीं मिले हैं। मामले की जांच चल रही है। ईरानी अधिकारियों का कहना है कि हवाई सुरक्षा सिस्टम ने तीन ड्रोन्स को निशाना बनाया था, जिससे धमाके की आवाज सुनी गई। कुछ उग्रवादियों ने ये ड्रोन्स उड़ाए हो सकते हैं।

### यह है ईरान और इजराइल के बीच तनाव का मामला

ईरान के दमिश्क स्थित दूतावास पर हमला हुआ था। इस हमले में ईरान की सेना के दो शीर्ष कमांडर्स समेत सात लोगों की मौत हुई थी। ईरान ने इस हमले का आरोप इजराइल पर लगाया था। ईरान ने चेतावनी दी थी कि अगर इजराइल ने उन पर हमला किया तो वे और ताकत के साथ पलटवार करेंगे। इसके बाद, बीते दिनों ईरान ने इस्राइल पर 300 से ज्यादा मिसाइलों और ड्रोंस से हमला किया था। हालांकि ये मिसाइलें और ड्रोंस इस्राइल की हवाई सुरक्षा को नहीं भेद पाई थीं। वहीं, हाल ही में इस्राइल ने पलटवार किया।

### इराक में ईरान समर्थित सैन्य ठिकानों पर 5 धमाके

बगदादा। ईरान और इजराइल के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। लगातार दोनों देश एक-दूसरे पर हमला कर रहे हैं। इस बीच इराक में शनिवार को ईरान समर्थित सैन्य ठिकानों 5 धमाके हुए। इसमें कम से कम 3 लोग घायल हो गए। हालांकि, अभी तक धमाकों के कारणों का पता नहीं चल पाया है। विस्फोट विशेष रूप से पॉपुलर मोबिलाइजेशन यूनिट्स (पीएमयू) से संबंधित एक जगह पर हुए। बेबीलोन गवर्नरेट के उत्तर में राजमार्ग पर अल-मशरौ जिले के कलसू सैन्य अड्डे पर हुए धमाकों की जांच चल रही है।

**पीएम से सोमवार को मुलाकात थी तय**

# मस्क ने टाली भारत यात्रा वजह है पारिवारिक कारण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



**मस्क पीएम से मिलने के इच्छुक थे**

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने अपनी भारत यात्रा टाल दी है। मस्क इसी वीकेंड भारत की यात्रा करने वाले थे, लेकिन अब उन्होंने पारिवारिक कारणों से यात्रा टाल दी है। उनका भारत के स्पेस स्टार्टअप फाउंडर्स के साथ एक राउंडटेबल कार्यक्रम था। इसके अलावा वह सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक भी करने वाले थे। मस्क की भारत यात्रा उनके अमेरिका में एक कार्यक्रम से मेल खा रही थी। मस्क को 23 अप्रैल को टेस्ला की पहली तिमाही के प्रदर्शन के बारे में सवालों का जवाब भी देना है। 10 अप्रैल को एलन मस्क ने सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया था कि वह पीएम मोदी से मिलने के लिए उत्सुक हैं। मस्क की भारत यात्रा की घोषणा से कुछ हफ्ते पहले भारत सरकार ने एक नई इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण नीति अधिसूचित की थी। इससे सरकार को मेक इन इंडिया के लिए प्रतिबद्ध इलेक्ट्रिक कार कंपनियों को टैक्स रियायत मिलने वाली थी। नई ईवी नीति ने 15 प्रतिशत आयात शुल्क पर पूरी तरह से निर्मित (सीबीयू) कारों के आयात का रास्ता बना दिया। 2021 में टेस्ला ने नोडल केंद्रीय मंत्रालयों को पत्र लिखकर पूरी तरह से असेंबल की गई कारों पर आयात शुल्क में कटौती की मांग की थी और कार की कीमत के आधार पर शुल्क को 100 प्रतिशत से घटाकर 40-15 प्रतिशत करने के लिए कहा था।

### ब्लू व्हेल चैलेंज से यूएसए में भारतीय छात्र की मौत

वॉशिंगटन। अमेरिका में पिछले महीने मार्च में मैसाचुसेट्स विवि में प्रथम वर्ष में पढ़ने वाले 20 वर्षीय भारतीय छात्र की ब्लू व्हेल चैलेंज गेम ने जान ले ली। यह गेम एक आत्मघाती खेल है। इसे सुसाइड गेम भी कहा जाता है। वह 8 मार्च को मृत पाया गया था। ब्रिस्टल काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी के प्रवक्ता ग्रेग मिलियोट ने कहा कि मामले की जांच स्पष्ट आत्महत्या के रूप में की जा रही है।




# पाक के विनाशक मिसाइल बनाने के प्लान को रोकने अमेरिका ने उठाया बड़ा कदम

## चीन की 3 और बेलारूस की एक कंपनी पर लगाया प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका ने पाकिस्तान के मिसाइल कार्यक्रमों के लिए उपकरणों की आपूर्ति करने पर चीन की तीन और बेलारूस की एक कंपनी पर प्रतिबंध लगा दिया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि जिन कंपनियों पर पाबंदी लगाई गई है, उनमें मिन्स्क व्हील ट्रैक्टर प्लांट, शीआन लोंगडे टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड, तियानजिन क्रिएटिव सोर्स इंटरनेशनल ट्रेड कंपनी लिमिटेड और ग्रैनपेक्ट कंपनी लिमिटेड शामिल हैं।

### चीन कर रहा था आपूर्ति

चीन स्थित शीआन लोंगडे टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड ने पाकिस्तान की लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए फिलामेंट वाइंडिंग मशीन सहित कई उपकरणों की आपूर्ति की। तियानजिन क्रिएटिव सोर्स कंपनी ने पाकिस्तान को स्टिर वेल्डिंग उपकरण की आपूर्ति की है।

### बेलारूस ने दी वाहन की चेसिस

बेलारूस की कंपनी मिन्स्क व्हील ट्रैक्टर प्लांट ने पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए विशेष वाहन चेसिस की आपूर्ति की। इसका उपयोग पाकिस्तान के राष्ट्रीय विकास परिसर द्वारा बैलिस्टिक मिसाइलों के प्रक्षेपण के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

# दुबई में 75 साल में पहली बार तबाही वाली बारिश, बुर्ज खलीफा किया बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुबई

आमतौर पर दुबई में बारिश के नाम पर हल्की बौछारें पड़ती हैं, लेकिन सोमवार को दुबई में जो नजारा दिखा, ऐसा नजारा मैंने तो दुबई में कभी नहीं देखा। मैं मूल रूप से भारतीय हूं और 22 साल से यहां रहा हूं। पहली बार यहां पर तबाही की बारिश देखी है। यहां के लोग भी कह रहे हैं 75 साल में कभी ऐसा मंजर देखने को नहीं मिला। बारिश ऐसी कि बुर्ज खलीफा को बंद करना पड़ा, शापिंग मॉल से लेकर पूरा बाजार बंद हो गया। सरकारी दफ्तरों में ताले लग गए। सरकार ने सरकारी अधिकारियों के लिए आदेश जारी किया, जो जहां पर है, वहीं से वर्क फ्रॉम होम करे।

### 24 घंटों में तीन साल जितनी बारिश

दुबई में जो बारिश हुई है, उसके बारे में यहां के मौसम वैज्ञानिक बता रहे हैं कि आमतौर पर यहां पर सालभर में 80 मिमी से ज्यादा बारिश नहीं होती, लेकिन यहां पर महज 24 घंटों में 250 मिमी से ज्यादा बारिश हुई है। इसका मतलब तो यह हुआ है कि तीन साल जितनी बारिश 24 घंटों में हो गई है। दुबई में 22 साल से रह रहे भारतीय बी जॉय ओमेन ने हरिभूमि को बताया कि मैंने कभी कल्पना नहीं की थी कि दुबई में बारिश का ऐसा नजारा देखने को मिल सकता है। बारिश इतनी तेज जिसके बारे में दुबई में तो संभावना नहीं थी।

# नेहा मर्डर केस: सूबे में मचा बवाल, सिद्धारमैया ने घटना को बताया निजी कारण

## आरोपी फैयाज की मां बोली- एक-दूसरे से करते थे प्यार, आईएएस बनाना चाहती थी!

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु



कर्नाटक के हुबली जिले के विद्यानगर में हुए नेहा हिरेमत मर्डर केस की वजह से पूरे सूबे में बवाल हो रहा है। लोग इसे लव जिहाद का मुद्दा बताकर गुनहगार को जल्द से जल्द सजा दिलाने की मांग कर रहे हैं। नेहा के परिजनों ने कहा है कि उनकी बेटी के साथ जो हुआ वैसा किसी और के साथ नहीं होना चाहिए। उधर आरोपी की मां ने लव जिहाद से साफ इनकार किया है। उनका कहना है कि नेहा और फैयाज एक-दूसरे से प्यार करते थे। सूबे में बवाल के बाद मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने लव जिहाद के दावों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह हत्या निजी कारणों से की गई है और राज्य में कानून व्यवस्था बिल्कुल दुरुस्त है। भाजपा इस पर राजनीति कर रही है। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने दावा किया कि भाजपा गुप्त रूप से राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की योजना बना रही है।

### आरोपी की मां बोली-बेटे को दंड मिलना चाहिए

फैयाज की मां मुमताज ने कहा कि मैं अपने बेटे की ओर से कर्नाटक के सभी लोगों से माफी मांगती हूं। मैं लड़की के माता-पिता से भी माफी मांगती हूं। वो मेरी बेटी की तरह थी। मैं भी उसके परिवार की तरह उतना ही दुखी हूं। मेरे बेटे ने जो किया वो गलत है। इसके लिए उसे दंड मिलना चाहिए। उसने हमारा सिर शर्म से झुका दिया है। वह पांच दिन पहले (13 अप्रैल) को यह कहकर घर से निकला था कि वो घर बैठे-बैठे तंग आ गया है। नौकरी ढूंढने जा रहा है। मुझे हत्या के बारे में तब पता चला जब एक परिचित ने फोन करके मुझसे टेलीविजन चालू करने के लिए कहा।

### 18 अप्रैल को हुई थी घटना

दरअसल, कर्नाटक के हुबली स्थित बीवीबी कॉलेज कैंपस में 18 अप्रैल को कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की 23 साल की बेटी नेहा हिरेमथ की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। नेहा एमसीए फर्स्ट ईयर की स्टूडेंट थीं। उसी कॉलेज के एक ड्रॉपआउट स्टूडेंट फैयाज खोंडुनाईक (23) ने नेहा के गले, पेट सहित शरीर पर चाकू से 7 वार किए। हमले में फैयाज को भी चोटें आईं। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां नेहा को मृत घोषित कर दिया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें फैयाज नेहा पर हमला करता हुआ दिखा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25